संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 108 मंगलवार 18 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक




**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025(ए)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री को 26 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि भगदड़ के बाद से ह्ष्ठरू पर किसी भी प्लेटफॉर्म टिकट को जारी नहीं किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने भी रेलवे स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए इंस्पेक्टर रैंक के छह अधिकारियों को तैनात किया है।

### दिल्ली में भूकंप का झटका




**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025(ए)।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को आए भूकंप के झटकों को लेकर लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद वो अपने घरों से बाहर निकलकर खुले स्थान में आ गए। यह काफी डरावना था। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रहने वाले अजय कुमार भूकंप ने बताया कि यह भूकंप 5:36 मिनट पर आया। जिस तरह से ट्रेन का डिब्बा हिलता है, ठीक उसी प्रकार से हमारा पूरा मकान हिल गया, हमारी पूरी छत हिल गई। एक पल के लिए हम और हमारा पूरा परिवार घबरा गए। भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद हमारे बच्चे उठकर बैठ गए।

### डीआरएम ने पूछा...किसने कहा बिना टिकट जाना है आपको? तो महिलाओं ने लिया पीएम का नाम



**बक्सर,17 फरवरी 2025(ए)।** प्रयागराज महाकुंभ स्नान को लेकर एक दिलचस्प वीडियो सामने आया है। बिहार में दानापुर रेल मंडल के डीआरएम चेकिंग के लिए बक्सर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में महिला यात्री नजर आईं। सभी महिलाएं प्रयागराज से आ रही थीं। डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने जब टिकट के बारे में पूछा तो महिला यात्रियों ने बताया कि उन्हें यात्रा पर जाने के लिए नरेंद्र मोदी जी ने कहा है। जवाब सुनकर डीआरएम सिर्फ इतना ही कह पाए कि प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा कि बिना टिकट यात्रा करें इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

### कटरीना कैफ बनाने की कोशिश ना करें,सवालों के जवाब दें...



#### भाजपा की सांसद को सलाह

**गुवाहाटी,17 फरवरी 2025(ए)।**,भाजपा के असम यूनिट ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के प्रति एक एक्स पोस्ट के माध्यम से प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी ने कहा एलिजाबेथ गोगोई को पत्र लिखने या उन्हें टाइगर जिंदा है की कैटरीना कैफ में बदलने जैसे अनुचित जवाब देने के बजाय, कृपया जनता के मन में उठे निम्नलिखित सवालों के स्पष्ट उत्तर दें।

### बारात में हर्ष फायरिंग से ढाई साल के बच्चे की मौत

#### खुशियों का माहौल शोक में बदला



**नोएडा,17 फरवरी 2025(ए)।** नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के गांव अग्गहपुर में गुरुग्राम से आई बारात में हुई हर्ष फायरिंग में एक ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई है, जिसके बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन टीमों का गठन किया है और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# चुनाव आयुक्त के चुनाव पर असमंजस

- » मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए हुई कमेटी की बैठक
- » पीएम मोदी और राहुल गांधी रहे मौजूद, कांग्रेस ने खड़े किए सवाल
- » प्रधानमंत्री की अगुवाई में चयन समिति की बैठक हुई
- » कांग्रेस ने सीईसी की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए
- » जल्द ही नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की घोषणा संभव




**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025(ए)।** मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीन सदस्यीय चयन समिति की बैठक हुई। यह बैठक साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई। चयन समिति की बैठक में पीएम मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। कांग्रेस ने कोर्ट के हवाले से चयन समिति पर सवाल खड़े किए।

#### कांग्रेस ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

कांग्रेस ने कोर्ट के हवाले से चयन समिति पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर संतुलित फैसला हो। सीईसी का सिर्फ कार्यपालिका चयन ना करे। इसके चयन में सीजेआई को भी होना चाहिए। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 19 फरवरी को इस विषय में सुनवाई होगी और फैसला सुनाया जाएगा कि कमेटी का कांस्टीट्यूशन किस तरीके का होना चाहिए। ऐसे में आज की बैठक को स्थगित करना चाहिए था।

#### क्या हैं सीईसी के नियुक्ति के नियम?

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम,2023 के तहत भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की यह पहली नियुक्ति होगी। यह अधिनियम दिसंबर 2023 में लागू हुआ था और इसके बाद से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। इस नए अधिनियम के तहत, मार्च 2024 में एसएस संधू और ज्ञानेश कुमार को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। दोनों आयुक्तों की नियुक्ति अरुण गोयल के इस्तीफे और अनूप चंद्र पांडे की रिटायरमेंट के बाद की गई थी। ऐसे में अब सीईसी की वर्तमान नियुक्ति इस अधिनियम के तहत की जाने वाली पहली नियुक्ति होगी।

#### राष्ट्रपति के मुहर के बाद होगी नियुक्ति

इस समय चुनाव आयोग में वरिष्ठता के आधार पर इस पद के लिए नामों पर चर्चा की जा रही है। ऐसे में चयन समिति बैठक के बाद अपनी सिफारिश राष्ट्रपति को सौंपेगी और राष्ट्रपति द्वारा उस सिफारिश के आधार पर अगले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की जाएगी।

#### जल्द हो सकता है सीईसी के नाम का ऐलान

यह समिति नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही इस पद के लिए नियुक्ति की घोषणा की जाएगी। यानी अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम का ऐलान जल्द हो सकता है।



### 112 निर्वासित भारतीयों के साथ अमृतसर उतरा तीसरा अमेरिकी विमान

**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025(ए)।** अमेरिका का एक सैन्य विमान 112 भारतीयों के साथ रविवार रात अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध प्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत निर्वासित लोगों को लाने वाली तीसरी उड़ान है. सूत्रों ने बताया कि सी-17 विमान रात 10 बजकर तीन मिनट पर उतरा। अमृतसर की डीसी साक्षी साहनी ने बताया कि 112 निर्वासितों में से 44 हरियाणा से, 33 गुजरात से, 31 पंजाब से, दो उत्तर प्रदेश से और एक-एक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से हैं।

#### निर्वासितों में 2 बच्चों समेत 19 महिलाएं

डीसी ने बताया कि निर्वासित लोगों के नए जत्थे में 19 महिलाएं और दो शिशु समेत 14 नाबालिग शामिल हैं। विमान के हवाई अड्डे पर उतरते समय कुछ लोगों के परिवार के सदस्य वहां मौजूद थे। निर्वासित लोगों का यह तीसरा जत्था महज एक अन्य अमेरिकी सैन्य विमान के 24 घंटे के भीतर अमृतसर में उतरने के बाद पहुंचा है।सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद निर्वासित लोगों को घर जाने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें आव्रजन, सत्यापन और पृष्ठभूमि जांच शामिल है. निर्वासित लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था की गई है।

#### हरियाणा ने अपने लोगों के लिए भेजी 2 बसें

उन्होंने बताया कि पंजाब के लोगों को राज्य सरकार द्वारा व्यवस्थित वाहनों में ले जाया जाएगा, वहीं हरियाणा सरकार ने भी निर्वासित लोगों को उनके मूल स्थानों तक पहुंचाने के लिए दो बसें भेजी हैं।

# पीएम मोदी का नहीं है अपने ही विधायकों पर भरोसा



#### आप नेता आतिशी ने ऐसा क्यों कहा

**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली की देखरेख कर रही मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता अतिशी ने कहा, दिल्ली चुनाव के परिणाम घोषित हुए 10 दिन हो चुके हैं। दिल्ली की जनता को उम्मीद थी कि बीजेपी 9 तारीख को अपने मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा करेगी,10 तारीख को शपथ ग्रहण समारोह होगा और फिर उनका काम शुरू होगा। लेकिन जनता इंतजार करती रही। दस दिन बाद भी बीजेपी अपने मुख्यमंत्री का निर्णय नहीं ले पाई है। यह साबित हो गया है कि बीजेपी के पास दिल्ली सरकार चलाने के लिए एक भी सीएम उम्मीदवार नहीं है। आज यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री को 48 विधायकों में से किसी पर भी भरोसा नहीं हैं। उनमें से कोई भी सरकार चलाने की क्षमता नहीं रखता हैं।निश्चित है की आप पीछे हटने को तैयार नहीं और भाजपा के हर कदम कदम पर टीका टिप्पणी करती रहेगी। ये अलग बात है की इस रणनीति का आप को कितना फायदा होगा, ये समझने के लिए कुछ समय इंतजार करना होगा।

### वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार पर क्रिमिनल एक्शन नहीं लिया जा सकता:सुप्रीम कोर्ट



**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले के तहत कहा है कि वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार को 'इरादतन अपमान' मानकर उसपर आपराधिक एक्शन नहीं लिया जा सकता है। साथ ही कहा कि ऐसे मामलों में व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने के नतीजे बुरे साबित हो सकते हैं इससे कार्यस्थल पर आवश्यक अनुशासनात्मक माहौल बिगड़ सकता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि महज गाली-गलौज, अशिष्टता, बेरुखी या बदतमीजी आइपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान नहीं मानी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय कड़ोल और संदीप मेहता की पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल गुस्से में कही गई बातें, रूखा व्यवहार या असभ्य भाषा आईपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान की श्रेणी में नहीं आते।

### सैम पित्रोदा के बयान से फिर बवाल



#### भाजपा बिफर पड़ी, जुबानी जंग हुई तेज

**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025 (ए)।** भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने सोमवार को कहा कि भारत-चीन विवाद को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और हमारे देश की दृष्टिकोण शुरुआत से ही टकरावात्मक रहा है। पित्रोदा ने कहा, मुझे चीन से खतरे की समझ नहीं आती। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है क्योंकि अमेरिका के पास दुश्मन को परिभाषित करने की प्रवृत्ति होती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के खतरे को नियंत्रित कर पाएंगे, तो उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सभी देशों को सहयोग करने का समय आ गया है, न कि टकराव करने का। हमारा दृष्टिकोण शुरुआत से ही टकरावात्मक रहा है, और यह रवैया दुश्मन पैदा करता है, जो अंततः देश के भीतर समर्थन जुटाता है।



### चप्पल की माला लेकर मंच पर पहुंचे पूर्व मंत्री

#### जनता और समर्थक रह गए भौचक

**पटना,17 फरवरी 2025 (ए)।** बिहार के पूर्व मंत्री खुर्शीद आलम ने बेतिया में एक अनोखे अंदाज में जनता का अभिवादन किया। उन्होंने चप्पल और जूतों की माला लेकर मंच पर पहुंचकर सबको चौंका दिया। आलम ने कहा कि यदि उनका काम सही है तो उन्हें सम्मानित किया जाए, अन्यथा चप्पल-जूतों की माला पहनाई जाए। सिकटा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक सम्मान समारोह में, आलम ने अपने दस साल के कार्यकाल का हिसाब देते हुए कहा कि उन्होंने विधायक और मंत्री के रूप में क्षेत्र के विकास के लिए कई काम किए हैं। समारोह में मौजूद समर्थकों ने उन्हें एक क्विंटल सात किलो सिक्कों से तौलकर सम्मानित किया। आलम,जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं, ने कहा कि अगर जनता को लगता है कि उन्होंने काम नहीं किया है, तो उन्हें चप्पल की माला पहनाकर वापस भेज दिया जाए। उन्होंने मंच से कहा, अगर मैं सम्मान के लायक हूं तो मुझे सम्मान दीजिए, नहीं तो मुझे चप्पल-जूतों की माला पहना दीजिए।

### चलती बाइक पर रोमांस करते नजर आया कपल



**छतरपुर,17 फरवरी 2025 (ए)।** पिछले कुछ समय से प्रेमी जोड़ों के अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होते हैं। कई बार प्रेमी जोड़े कहीं छुपकर रोमांस करते हुए नजर आते हैं, तो कई बार खुलेआम सड़कों पर चलती गाड़ी में अजीबो-गरीब हरकत नजर आते हैं। प्रेमी जोड़ों के ये अतरंगी वीडियो आए दिन सामने आते हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर मध्य प्रदेश के छतरपुर से एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है।

### मुंबई में 5 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

**मुंबई,17 फरवरी 2025 (ए)।** कुर्ला इलाके में 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दो नाबालिगों को हिरासत में ले बाल सुधार गृह भेज दिया गया।घटना के बारे में जानकारी देते हुए मुंबई पुलिस ने कहा, चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन में दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो 5 साल की बच्ची के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोपी हैं। मामले की जांच चल रही है।

# हेलीकॉप्टर से पत्नी को लेकर पहुंच गया ससुराल

- » बेटी-दामाद को देखने उमड़ी भीड़

**वैशाली,17 फरवरी 2025(ए)।**, बिहार के वैशाली जिले में सरसई गांव है। यह गांव अचानक ही चर्चा में आ गया है। यहां एक युवक अपनी पत्नी को हेलीकॉप्टर से लेकर ससुराल पहुंच गया। इस नजारे को देखने के लिए वहां पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए। हेलीकॉप्टर के उतरने के बाद दंपती का भव्य स्वागत हुआ। फूलों की माला पहनाकर, बैंड-बाजे के साथ और आरती उतारकर उनका स्वागत किया गया। सरसई गांव में कृष्ण शर्मा रहते हैं। यहां उनकी बहन सुप्रिया रानी और बहनोई धीरज हेलीकॉप्टर से उनके घर पहुंचे। इलाके में हेलीकॉप्टर की आवाज सुनते ही ग्रामीणों की भीड़



जमा हो गई। सभी लोग हेलिपैड के पास पहुंचने के लिए दौड़ पड़े। यह पहली बार था, जब गांववालों ने हेलीकॉप्टर उतरने का दृश्य देखा था।

#### पूरे गांव में मचा उत्साह और उथल-पुथल

हेलीकॉप्टर के उतरने से पहले गांव में प्रशासनिक तैयारियां पूरी की गई थीं। हेलिपैड के पास पुलिस बल और अग्निशमन वाहन तैनात किए गए थे, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो सके. हेलीकॉप्टर की आवाज सुनकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल बन गया था।

#### घर पर लोगों की भारी भीड़

हेलीकॉप्टर से दूल्हा दुल्हन के आने के बाद उन्हें एक कार में बैठाकर उनके घर ले जाया गया, जहां फिर से लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग नव दंपति को देखने के लिए एक-दूसरे से बढ़कर उत्साहित थे. इस दौरान बैंड-बाजे की धुन और पारंपरिक स्वागत से रौनक और बढ़ गई थी. दूल्हा और दुल्हन का यह खास स्वागत देखकर सभी लोग काफी खुश और उत्साहित थे। धीरज,जोकि मध्य प्रदेश में अंचलाधिकारी के पद पर तैनात हैं, पहली बार अपनी पत्नी सुप्रिया के घर सरसई आए थे। उनका यह हेलीकॉप्टर से घर आना गांववासियों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन गया।

## संपादकीय

### विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

भाजपा का दिल्ली में 27 साल से चला आ रहा राजनीतिक वनवास समाप्त हो गया जब उसने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीट जीत कर आम आदमी पार्टी (आप) के तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के मंसूबे पर पानी फेर दिया।आप को 22 सीटें मिलीं। कांग्रेस अपना खाता तक खोलने में लगातार तीसरी बार नाकाम रही। भाजपा को 45.81 फीसद मत मिले जबकि आप ने 43.56 फीसद मत हासिल किए और कांग्रेस को 6.36 फीसद मतों पर संतोष करना पड़ा। आप के लिए सर्वाधिक निराशाजनक रहा कि उसके राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी में नंबर दो मनीष सिसोदिया समेत सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन समेत कई धुरंधरों को मतदाताओं ने नकार दिया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो दिल्ली में भाजपा की जीत के प्रमुख कर्णधार रहे, अपनी पार्टी को प्रचंड जनादेश' मिलने पर मतदाताओं का आभार जताते हुए आस्त किया है कि राजधानी के चौतरफा विकास और लोगों का जीवन उत्तम बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली एक दशक की आप-दा' से मुक्त हुई है। कांग्रेस की इस बार भी दुर्गत हुई। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस इस बार भी एक भी सीट हासिल न कर सकी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ी कांग्रेस के तीन प्रत्याशी ही जमानत बचा सके। अलबत्ता, पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके मत प्रतिशत में दो फीसद से ज्यादा बढ़ोतरी जरूर हुई है। आप का जन्म मध्यम वर्ग की तत्कालीन राजनीतिक माहौल से निराशा की वजह से हुआ था लेकिन बाद के वर्षो में आप खुद को गरीबों के लिए काम करने वाली चैंपियन पार्टी के रूप में उभारने सफल रही।लेकिन राजधानी में नागरिक सेवाओं की चरमराई स्थिति से पनपे आम जन के आक्रोश से बच न सकी। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सत्ता होने के कारण आप के लिए यह भी संभव न था कि निगम की काहिली बता कर जनाक्रोश से खुद को बचा ले जाती।शराब घोटाला, जिसमें उसके कुछ वरिष्ठ नेताओं को जेल भी जाना पड़ा, आलीशान मुख्यमंत्री आवास, जिसे भाजपा ने शीशमहल कहा, जैसे मुद्दे ऐसे रहे जिनसे केजरीवाल की छवि खासी धूमिल हो गई। उनकी कट्टर ईमानदार' की छवि को इन दो बातों ने चकनाचूर कर दिया। वे जनता को विश्वास ही नहीं दिला पाए कि उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है।

## 18 फरवरी जयन्ती पर विशेष

# धर्म अध्यात्म महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मो की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी-देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी।



1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था। अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे।

इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द,दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद,स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये।

रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चैबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम् शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# विवाह के झूठे वादों से दुष्कर्म के बढ़ते मामले



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

हाल के वर्षों में बलात्कार के ऐसे मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें अभियुक्त पर बलात्कार का आरोप लगाया जाता है। इन मामलों में, एक पुरुष जिसने एक महिला से शादी करने का वादा किया है, उसके साथ यौन क्रियाकलाप और शारीरिक अंतरंगता में शामिल होता है, लेकिन बाद में अपने वादे से मुकर जाता है। अक्सर यह भूलकर कि उनके बीच सहमति से सम्बंध थे, महिला जो इससे ग़लत महसूस करती है, पुरुष पर बलात्कार का आरोप लगाती है। अतुल गौतम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2025) में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के परिणाम हाल ही में एक ऐसे व्यक्ति को जमानत दे दी गई, जिस पर विवाह की शपथ के बदले में अपने सहवास करने वाले साथी के साथ बलात्कार करने का आरोप था। महिलाओं की स्वायत्तता ऐसे न्यायालय के निर्णयों से प्रभावित होती है, जो लैंगिक रूढ़ियों को भी क़ायम रखते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल झूठी शादी की शपथ की आड़ में कई हज़ार बलात्कार के मामले दर्ज किए जाते है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अतुल गौतम मामले में 2025 में दिए गए फैसले से यह सवाल उठता है कि न्यायिक व्याख्याएँ महिलाओं की स्वायत्तता और कानूनी सुरक्षा को कैसे प्रभावित करती हैं। बलात्कार और सेक्स के लिए सहमति देना स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं। इन स्थितियों में,न्यायालय को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए कि क्या शिकायतकर्ता की पीड़िता से शादी करने की वास्तविक इच्छा थी या उसके कोई छिपे हुए उद्देश्य थे और उसने केवल अपनी वासना को शांत करने के लिए इस आशय का झूठा वादा किया था, क्योंकि बाद वाले को धोखा या छल माना जाता है। इसके अतिरिक्त, झूठा वादा न निभाने और उसे तोड़ देने में अंतर है। अभियुक्त द्वारा अभियोक्ता को यौन गतिविधि में शामिल होने के लिए लुभाने के इरादे के बिना किया गया वादा बलात्कार के रूप में मान्य नहीं होगा। अभियोक्ता अभियुक्त द्वारा बनाए गए झूठे प्रभाव के बजाय उसके प्रति अपने प्यार और जुनून के आधार पर अभियुक्त के साथ यौन सम्बंधों के लिए सहमति दे सकती है। वैकल्पिक रूप से, अप्रत्याशित या अनियंत्रित परिस्थितियों के कारण ऐसा करने का इरादा होने के बावजूद अभियुक्त उससे शादी करने में असमर्थ हो सकता है। इन स्थितियों को अलग तरीके से संभालने की आवश्यकता है। बलात्कार का मामला तभी स्पष्ट होता है जब शिकायतकर्ता का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा या गुप्त उद्देश्य हो।

अतुल गौतम बनाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फ़ैसला सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। यह फ़ैसला अपर्णा भट बनाम के विपरीत है। 2021 के मध्य प्रदेश राज्य के फैसले में आरोपी और पीड़ित को द्वितीयक आघात से बचने के लिए जमानत पर रहते हुए संवाद करने से मना किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फ़ैसला सुनाया कि निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी के लिए, जमानत की आवश्यकताओं को आरोपी और उत्तरजीवी के बीच संचार के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। यह विचार कि विवाह बलात्कार के लिए एक उपाय है न कि अपराध के लिए सजा, ऐसी जमानत आवश्यकताओं द्वारा पुष्ट होता है, जो सामाजिक समझौते को कानून के शासन से आगे रखता है। रामा शंकर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2022) में जमानत देते समय इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने प्रतिवादी के खिलाफ अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर कर दिया। उत्तरजीवी को जमानत प्राप्त करने के लिए आरोपी द्वारा विवाह के लिए मजबूर किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कानूनी व्यवस्था के भीतर निरंतर दुर्व्यवहार हो सकता है। अभिषेक



बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2024) ने न्याय की गारंटी देने के बजाय, अभियुक्त को विवाह के वादे के बदले में जमानत देकर एक दबावपूर्ण गतिशीलता बनाई। जो उत्तरजीवी को उचित पुनर्वास सहायता प्राप्त करने के बजाय अभियुक्त पर निर्भर रहने के लिए मजबूर करता है। किशोरों के निजता के अधिकार (2024) में न्यायालय द्वारा उत्तरजीवियों और बच्चों को आवास, शिक्षा और परामर्श प्रदान करने के राज्य के दायित्व पर प्रकाश डाला गया था। जमानत का उद्देश्य सामाजिक कर्तव्यों को लागू करना नहीं है, बल्कि मामला लंबित रहने तक अस्थायी स्वतंत्रता की गारंटी देना है।

महिलाओं की स्वायत्तता और सम्मान विचारधारा की निरंतरता इन न्यायिक निर्णयों से प्रभावित होती है, जो लैंगिक रूढ़ियों को भी मज़बूत करती है। ऐसे निर्णय बलात्कार को अपराध से कम और पवित्रता के नुक़सान को अधिक बनाते हैं, जो पितृसत्तात्मक धारणा को मज़बूत करते हैं कि एक महिला की गरिमा विवाह से जुड़ी होती है। न्यायालयों ने पिछले कई निर्णयों में एक पीड़ित के पुनर्वास को विवाह के बराबर माना है, बलात्कार को शारीरिक स्वायत्तता के उल्लंघन के रूप में स्वीकार करने में विफल रहे। न्यायालय महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करते हुए अपराधियों के साथ विवाह करने के लिए पीड़ितों पर दबाव डालकर कानूनी संरक्षण के तहत दुर्व्यवहार और नियंत्रण को बढ़ावा देते हैं। विवाह को एक उपाय मानने वाली अदालतें पीड़ित की सहमति की कमी को नजरअंदाज करती हैं, जिसका अर्थ है कि जबरदस्ती को कानूनी रूप से उचित ठहराया जा सकता है। महिलाओं को लगातार आघात और सुरक्षा जोखिमों के बावजूद अक्सर अपने दुर्व्यवहार करने वालों के साथ ÷समझौता विवाह÷ में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हुए, जो महिलाओं की स्वायत्तता और गरिमा की रक्षा करता है, ऐसे निर्णय महिलाओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध सम्बंधों में मजबूर करके उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, जबरन विवाह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय के बजाय अधिक शोषण का सामना करना पड़ता है।

ये निर्णय इस धारणा को बनाए रखते हैं कि विवाह यौन हिंसा को हल कर सकता है, इन घटनाओं को गंभीर अपराधों के बजाय नागरिक विवादों में बदल देता है। रूढ़िवादी ग्रामीण क्षेत्रों में पीड़ितों पर अक्सर अदालतों द्वारा आरोपी लोगों से विवाह करने का दबाव होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सामाजिक दबाव से न्याय से समझौता न हो, अदालतों को स्थापित नियमों का पालन करना चाहिए जो विवाह को जमानत की शर्त बनाने से रोकते हैं। अपर्णा भट केस (2021) में, सर्वोच्च न्यायालय ने फ़ैसला किया कि जमानत की ऐसी आवश्यकताएँ जो पीड़ितों को रिश्तों में मजबूर करती हैं या लैंगिक रूढ़िवादिता को बनाए रखती हैं, उनसे बचना चाहिए। राज्य को पीड़ितों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए मौद्रिक सहायता, परामर्श, कानूनी सहायता और कौशल-निर्माण पाठ्यक्रम प्रदान करके कल्याण कार्यक्रमों में सुधार करना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर योजना द्वारा एकीकृत सहायता सेवाएँ प्रदान की जाती हैं; हालाँकि, अधिकतम प्रभाव के लिए, इसमें सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि न्यायिक विवेक से पीड़ितों के अधिकारों को ख़तरा न हो, विधायी संशोधनों को विशेष रूप से विवाह की शर्त पर ज़मानत देने की प्रथा को रोकना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कानूनी व्याख्याएँ पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों के बजाय संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखें,न्यायाधीशों को लिंग-संवेदनशील प्रशिक्षण प्रदान करें। पीड़ितों के अधिकारों और लैंगिक न्याय को न्यायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए, जैसे कि राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा संचालित पाठ्यक्रम। त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए, त्वरित परीक्षण पीड़ितों को समझौते के लिए मजबूर करने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई की आवश्यकता को समाप्त कर देंगे। हालाँकि 2019 निर्भया फंड को फास्ट-ट्रैक कोर्ट के लिए अलग रखा गया था, लेकिन उनमें से कई अभी भी संसाधनों की कमी और प्रशासनिक रुकावटों के परिणामस्वरूप कम उपयोग किए जाते हैं। ऐसे न्यायिक निर्णयों से महिलाओं के अधिकारों को कमजोर करने और इस तरह पितृसत्तात्मक मानदंडों को मज़बूत करने का जोखिम है। रिश्ते की जटिलता और धोखाधड़ी के इरादे के बीच अंतर करने के लिए एक अच्छी तरह से कानूनी रणनीति की आवश्यकता होती है। कानूनी सुरक्षा को मज़बूत करके और लिंग-संवेदनशील न्यायिक प्रशिक्षण प्रदान करके न्याय किया जा सकता है, जो लैंगिक समानता के लिए भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## कविता
## एक अहसास

घटती-घटना



लक्ष्मीनारायण सेन
खुंटेरी गरियाबंद
छत्तीसगढ़

जीवन सम विषम की पुड़िया
कहती हिम्मत तुम मत डरना।
अंतरमन से निकली आवाज
हर बाधाओं से लड़ते रहना।।
संघर्ष की साया कभी कम नही
चलते जाना तुम कर्म पथ पर।
जीवन में हारजीत होती रहती है
संबंध बना के रखना तुम परस्पर।।
जीवन भले सही हो बंजर
वाणियों से चूभे कई खंजर।
कभी छुटता कहाँ अपने प्यारे
ये रिश्ता का है अनोखा मंजर।।
मइहर का भैया पीहर पर सैयाँ
खुश रहे जीवन, है दोनों सुंदर।
दोनों बंधा प्रेम के अटूट सेतु से
अटूट है संबंध,गहराई समंदर।।

## कविता
## आँचल

घटती-घटना



चंद्रकांत खूंटे
जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़



वह कहती है,
मैं आँचल बनना चाहती हूँ।
पर शादी की नही,
बाद की तरह।
शर्माती,लजाती,
उड़ती,लहराती।
प्रेम भरे स्पर्श से स्वेद मिटाती,
भीषण निदाघ में सुख छाँव दिलाती।
अवसर पड़ने पर मिल जाऊँ,
कही भी,कभी भी,
उचित मूल्य में,
माँ को,पिता को,
पुत्र को,पुत्री को,
तथा अपने जीवन साथी को।
और कट-फट जाऊँ तो,
बन जाऊँ पोंछा।
गृह को साफ करते,
अंतिम श्वास तक,कर्म बेहिसाब करते।

# यूपी में सस्ती शराब से पीने वालों की होली



अजय कुमार
लखनऊ,उत्तर प्रदेश

अंग्रेजी शराब के ठेके नए सिरे से होने हैं। इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. ऐसे में जिन दुकानदारों के पास ज्यादा स्टॉक है, वो रियायती दरों पर शराब बेचकर अपना स्टॉक क्लियर करने की कोशिशों में लगे हैं.ताकि कोटे की बची शराब से कुछ और कमाई हो जाये। यही वजह थी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद में अंग्रेजी शराब की एक दुकान पर जैसे ही दुकानदार ने शराब के रेटों में भारी छूट का बोर्ड लगाया तो देखते ही देखते वहां भीड़ उमड़ पड़ी. लोग पूरी की पूरी पेटियां खरीदकर ले जाने लगे, हालात ऐसे बन गए कि शराब की दुकान के बाहर लंबी लाइन लग गई और लोग शराब खरीद कर ले जाते मिले जल्द ही यह नजारा अन्य जिलों में भी देखने को मिल सकता है,जिससे होली के रंग अंग्रेजी के साथ और चटक हो सकते हैं।

बहरहाल,आज भले ही कुछ जगह सस्ती शराब मिल रही हो, लेकिन एक अप्रैल से यूपी में शराब और बीयर पीने वालों को बड़ा झटका लगने वाला है. इन्हें अब अपनी जेब ढ़ीली करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश में पहली अप्रैल से शराब और बीयर महंगी हो जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई नई आबकारी नीति के तहत लाइसेंस फीस और आबकारी शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने की वजह से ऐसा होगा। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने पर सभी लाइसेंसी फुटकर दुकानों पर बीयर और देसी तथा अंग्रेजी शराब के दामों में बढ़ोतरी हो जाएगी। नई दरें दो दिन बाद यानी एक अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष में लागू हो जाएंगी।





नये दामों की बात की जाये तो पहली अप्रैल से यूपी में बीयर के केन में औसतन 10 रुपये प्रति केन और बोतल पर 20 रुपये प्रति बोतल की मूल्यवृद्धि होगी। एक प्रमुख कंपनी ने तो मार्च के इन अंतिम दिनों में ही अपने दाम बढ़ा दिए हैं। कुछ और अच्छे ब्राण्ड की बीयर के दाम और ज्यादा बढ़ सकते हैं। इसी तरह देसी शराब का 42.8 डिग्री तीव्रता का पउआ पहली अप्रैल से 75 रुपये के बजाए 90 रुपये का होगा। 36 डिग्री तीव्रता का देसी शराब का पउवा 65 रुपये के बजाए 70 रुपये का बिकेगा। अंग्रेजी शराब के पापुलर ब्राण्ड के क्वार्टर,अद्धे व बोतल के दामों में भी बढ़ोतरी होगी. अंग्रेजी शराब के क्वार्टर में 15 से 25 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

बता दें कि हाल ही में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में नई आबकारी नीति 2025-26 को मंजूरी दी गई है। अबकी से पुराने कोटेदारों की दुकान का नवीनीकरण नहीं किया जायेगा,बल्कि फिर से लॉटरी के द्वारा शराब की दुकानों की नीलामी होगी। योगी सरकार ने नई आबकारी नीति के जरिए 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है. नई आबकारी नीति के तहत मॉल्स, मल्टीप्लेक्स एरिया में प्रीमियम ब्रांड की दुकानें को इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानें लॉटरी सिस्टम से मिलेंगी और कंपोजिट दुकानों को भी लाइसेंस जारी किया जाएगा। जिसमें देशी, विदेशी, बीयर और वाइन एक जगह पर मिल सकेगी। इस बार सरकार ने बियर और शराब का कोटा भी पांच से 10 फीसदी बढ़ाया है। इस बार शासन ने देसी मदिरा की दुकानों का कोटा 10 फीसदी बढ़ा दिया है। वहीं, बीयर की दुकान का पांच फीसदी और विदेशी मदिरा की दुकान का पांच फीसदी लाइसेंस शुल्क बढ़ाया गया है। विभाग की ओर से कंपोजिट दुकानें संचालित करने के लिए तैयारियां की जा रही है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# गांव की सरकार चुनने मतदाताओं में दिखा उत्साह,71.73 प्रतिशत हुई वोटिंग





-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान सोमवार को संपन्न हुआ। तीनों विकासखंड में कुल 71.73 प्रतिशत मतदान हुए। अंबिकापुर विकासखंड में 70.36 प्रतिशत, लखनपुर में 72.61 प्रतिशत व उदयपुर में 73.39 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय अनुसार मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक हुई। इसके बाद मतगणना भी शुरू हो गई। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे शुरू होते ही बूथों पर मतदाताओं की भीड़ देखी गई। लोग लंबी लाइन में खड़े होकर मतदान किया। पुरूष के साथ महिला वोटर्स भी उत्साहित नजर आए। पहले चरण का मतदान विकासखंड अंबिकापुर, लखनपुर व उदयपुर में संपन्न हुआ। अंबिकापुर जनपद पंचयत सदस्य के लिए 164 अभ्यर्थी, उदयपुर के लिए 73 व लखनपुर के लिए 125 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 1 से 2 क्षेत्र क्रमांक 2 से 4 क्षेत्र क्रमांक 3 से 6, क्षेत्र क्रमाक 4 में 9, 5 में 9, 6 में 10 व 7 में 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा पंच, सरपंच पद के प्रत्याशियों के भाग्य पर मुहर लगाकर मतदाताओं ने फैसला कर दिया है। विकासखंड अंबिकापुर, लखनपुर और उदयपुर के 232 मतदान केंद्रों में मतदान हुआ। मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर कतारबद्ध होकर बड़े उत्साह के साथ मतदान कर अपने कर्तव्य एवं अधिकारों का निर्वहन किया। कलेक्टर विलास भोसकर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक शाला लहपटरा, रजपुरी कला, बेलखरीखा सहित अन्य मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान का निरीक्षण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा, विनय अग्रवाल ने अंबिकापुर और लखनपुर जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित लगभग 30 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत कंठी, कतकालो, खाला, सोहगा, करजी, दरिमा, बरगवां, नान दमाली, बड़ा दामाली,पूटा,कुसु,सोहेड़ा और बेलदगी सहित कई अन्य क्षेत्रों में चल रहे मतदान केंद्रों का अवलोकन किया। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।





### अम्बिकापुर जनपद

अम्बिकापुर जनपद पंचायत सदस्य के लिए 25 पदों के लिए 164 अभियार्थी चुनावी मैदान में हैं। कुल 101 ग्राम पंचायत है। जिसमें 2 ग्राम पंचायत निर्विरोध सरपंच चुने गए हैं। ग्राम पंचायत मेण्ड्राखुर्द से हीरामणि सोन पाकर, ग्राम पंचायत बलसेड़ी से हुपलाल सिंह निर्विरोध हैं। वहीं शेष 99 ग्राम पंचायत में सरपंच पद हेतु 491 अभ्यर्थी, पंच के कुल 1414 पद हैं जिसमें 658 पदों में निर्विरोध एवं 15 पद रिक्त हैं। शेष 741 पंच के लिए 1764 अभियार्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत अम्बिकापुर में पुरुष मतदाता 62,771 एवं महिला मतदाता 64,814 एवं थर्ड जेंडर मतदाता 3 है। इस प्रकार कुल 1,27,588 मतदाता मतदान करेंगे। जिसके लिए 269 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

### उदयपुर जनपद

उदयपुर जनपद पंचायत में सदस्य पद के कुल 13 पद हैं जिसमें 73 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं, सरपंच के 59 पद हेतु 263 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, पंच पद के लिए कुल 732 अभ्यर्थी हैं। जिसमें से 354 पद निर्विरोध,शेष 378 पद हेतु 892 अभ्यर्थी चुनाव में भाग ले रहे है। पुरूष मतदाता 30279, महिला 30563 एवं थर्ड जेंडर 2 हैं। विकासखंड में कुल 60842 मतदाता है। जिसके लिए कुल 126 मतदान केंद्र बनाए गए थे

### लखनपुर जनपद

लखनपुर जनपद पंचायत में जनपद सदस्य हेतु 18 पद हैं जिसमें कुल अभ्यर्थी 125 चुनाव लड़ रहे हैं। सरपंच पद हेतु कुल 74 पद हैं। जिसमें 3 ग्राम पंचायत निर्विरोध चुने गए हैं। जिसमें ग्राम पंचायत गणेशपुर से वृक्षमनिया, ग्राम पंचायत गुमगराकला श्रीमती कलावती सिंह उर्रे,और ग्राम पंचायत पर्री से श्रीमती मानकुमारी सिंह निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं 1 पंचायत में रिक्त पद हैं। शेष 70 ग्राम पंचायत में 271 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। पंच हेतु कुल 970 पद हैं जिसमें 517 पद निर्विरोध चुने गए हैं। 7 नामांकन खारिज हुए वहीं 16 स्थानों पर नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए। शेष 430 पदों पर 987 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। पुरुष मतदाता 42703, महिला मतदाता 43516 हैं, इस प्रकार कुल मतदाता 86220 हैं। जिसके लिए 172 मतदान केंद्र बनाए गए थे

### आपस में भिड़े सरपंच प्रत्याशी

अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम मेंड्राकला स्थित बूथ क्रमांक 106 पर मतदान के दौरान सरपंच पद के प्रत्याशी आपस में भीड़ गए। घटना दोपहर करीब 3 बजे की है। विवाद के दौरान एक महिला प्रत्याशी को सिर में चोट हाई है। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल महिला प्रत्याशी ने पुरूष सरपंच पद के प्रत्याशी पर मारपीट करने का आरोप लगाई है। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। वहीं शहर से लगे भफौली व गड़ाघाट पंचायत में मतदान संपन्न होने के बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हमारे समर्थित प्रत्याशी के एजेंटों को बूथ से बाहर निकाल दिया गया था। इस बात को लेकर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के कार्यकर्ता सडक़ पर उतर गए। इससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं मौके पर उपस्थि पुलिस ने मामले को शांत कराया।

## कलेक्टर ने किया मतदान केंद्र डकवा का निरीक्षण

-संवाददाता-
बलरामपुर,17 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत आज जिले के तीन जनपद पंचायत राजपुर, शंकरगढ़ एवं कुसमी में मतदान हो रहा है। जिले में प्रातः 07 बजे से मतदान शुरू हो गया था सभी मतदान केन्द्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदाताओं में खासा उत्साह भी देखा गया। मतदान का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा ने जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डकवा के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही मतदान कक्षों में सुचारू रूप से चल रहे मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पीठासीन अधिकारी व सुरक्षाकर्मियों से बात कर मतदान पूर्ण होने के पश्चात मतगणना कार्य समय पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## सीटी सर्वे हेतु नक्शा प्रोजेक्ट का शुभारंभ

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा राष्टीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी आवासों के भूमि सर्वेक्षण नक्शा के पायलट प्रोजेक्ट के तहत अम्बिकापुर को शामिल किया गया है। इसी कड़ी में सीटी सर्वे अम्बिकापुर हेतु नक्शा प्रोजेक्ट का शुभारंभ 18 फरवरी 2025 को सुबह 11:00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष अम्बिकापुर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणी महराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रबोध मिंज,विधायक लुंण्ड्रा,श्री रामकुमार टोप्पो,विधायक सीतापुर,श्रीमती मंजूषा भगत,महापौर,नगर पालिक निगम अम्बिकापुर और श्री विश्व विजय सिंह तोमर, अध्यक्ष, राज्य युवा आयोग छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में भूमि संसाधनों के सटीक मानचित्रण और प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से अम्बिकापुर के शहरी आवासों और भूमि उपयोग का डिजिटल नक्शा तैयार किया जाएगा, जिससे आमजनों के लिए भविष्य में शहरी विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## अमेरा के विस्थापित 94 मतदाता वोट देने से हो रह गए वंचित

### विधायक राजेश अग्रवाल ने ग्रामीणों का समर्थन कर बताया प्रशासनिक चूक



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के ग्राम काटकोण में मतदान करने को लेकर विस्थापित मतदाताओं और ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। ग्राम अमेरा खदान के विस्तापित लगभग 94 मतदाताओं का नाम ग्राम कटकोना के मतदाता सूची में है। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में था वह मतदाता करने ग्राम काटकोण पहुंचे थे। जहां मतदाताओं और ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही विधायक राजेश अग्रवाल कटकोना मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्ष के बातों को सुना और ग्राम कटकोना की ग्रामीणों का समर्थन करते हुए इसे प्रशासनिक चूक बताया है। विस्थापित हो चुके ग्राम अमेरा के 94 मतदाता मतदान से वंचित रह गए। वहीं मतदाता राजेंद्र प्रसाद राजवाड़े सहित अन्य मतदाताओं ने आरोप लगाया है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उनके द्वारा कटकोना मतदान केंद्र में मतदान किया गया था। परंतु त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्रामीणों के द्वारा उन्हें मतदान करने से रोका जा रहा है। विवाद की स्थिति निर्मित होता देख बड़ी संख्या में पुलिस ग्राम कटकोना पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश देते हुए मामला शांत कराया है। सुबह के 11 बजे तक विस्थापित मतदाता अपना मतदान नहीं कर सके थे। अमेरा एसईसीएल खदान के भूमि अधिग्रहण के बाद ग्राम अमेरा के ग्रामीणों के विस्थापन के बाद टपरकेला, बेलदगी, पुहपूतरा , कटकोना के मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ा गया है। और वह लोकसभा विधानसभा चुनाव में अपने-अपने मतदान केदो में मतदान किए हैं। परंतु त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम कटकोना में ग्रामीणों के द्वारा उनका विरोध कर मतदान कर करने से रोका जा रहा है।

## भाजपा पार्षद ने ऐतिहासिक जीत के साथ किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगर निगम चुनाव में भाजपा की ओर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली सुमन मनोज कंसारी जी ने अपने वार्ड में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए वार्डवासियों को स्वच्छता और समर्पण का संदेश दिया। 17 फरवरी 2025 को आयोजित इस सफाई अभियान में उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर वार्ड के विभिन्न स्थानों की सफाई की और नागरिकों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। स्वच्छता अभियान के दौरान पार्षद महोदया ने अपने वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷इस प्रचंड जीत का श्रेय मेरे समर्पित देवतुल्य कार्यकर्ताओं को जाता है, जिनकी मेहनत और निष्ठा ने यह जीत संभव बनाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रयासों को सराहते हुए सभी को वार्ड के विकास में निरंतर सहयोग देने की अपील की। पार्षद सुमन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदकों को भी भरोसा दिलाया कि उनकी आवास से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति घर से वंचित नहीं रहेगा। हर जरूरतमंद नागरिक को उनके अधिकारों का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने वार्डवासियों को यह भी आश्वस्त किया कि शासन की सभी जनहितकारी योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा। पारदर्शी प्रशासन और समर्पण के साथ सभी जरूरतमंदों को उचित समाधान प्रदान किया जाएगा। पार्षद की इस पहल को वार्ड के नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुले दिल से सराहा। उनकी नेतृत्व क्षमता और विकास के प्रति उनके समर्पण ने वार्डवासियों के बीच नई उम्मीदें जगाई हैं।

## किशोरी कीटनाशक सेवन कर दी जान

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम करमडीहा में एक किशोरी ने 16 फिरवरी को कीटनाशक सेवन कर ली थी। इलाज के दौरान उसकी मौत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार लीलावती पिता प्रेमलाल उम्र 14 वर्ष रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करमडीहा की रहने वाली थी। वह 16 फरवरी को कीटनाशक सेवन कर ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सडक़ हादसे में घायल युवक की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम करवां के पास बोलेरो की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार गोविन्दा राजवाड़े उम्र 23 वर्ष सूरजपुर जिले के भैयाथान थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह रविवार को गांव के ही गंगा प्रसाद के साथ बाइक से किसी काम से अंबिकापुर आया था। यहां से दोनों वापस लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम करवां के पास बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में गोविन्दा गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जबकि गंगा प्रसाद को मामूली चोट हाई थी। गोविन्दा को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी ने विजय प्रत्याशी को माला पहनाकर दी जीत की बधाई

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव के संपन्न होने के बाद गांधीनगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 वीर सावरकर वार्ड से पार्षद रहे वरिष्ठ कांग्रेस प्रत्याशी द्वितेंद्र मिश्र ने राजनीतिक सौहार्द की मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के विजई प्रत्याशी विपिन पांडे (छोटू पंडित) को स्थानीय हनुमान के मंदिर प्रांगण में अपने समर्थकों के साथ पुष्प गुच्छ एवं पुष्प हार पहनाकर जीत की बधाई दिया। जनता जनार्दन की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें मिले दो कार्यकाल के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। नवनिर्वाचित पार्षद छोटू पंडित से चुनाव को खेल भावना से लेते हुए किसी के भी प्रति दुर्भावना ना रखते हुए वार्ड का विकास एवं वार्ड वासियों का सहयोग करने का भाव रखने का आग्रह किया साथ ही सबके प्रति समान रूप से आदर भाव रखकर कार्य करने का अनुरोध किया। द्वितेंद्र मिश्र के इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है एवं पूरे गांधीनगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील में विमान दुर्घटना, दो की मौत

**ब्राज़िलिया, एजेंसी।** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में शनिवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, यह निजी विमान क्राड्डा नगरपालिका में वनस्पति में गिरा, जो राज्य की राजधानी से करीब 160 किलोमीटर दूर है। स्थानीय अग्निशामकों ने दो जले हुए शव बरामद किए हैं, लेकिन अधिकारियों ने उनकी पहचान नहीं बताई है। इस दुर्घटना से पहले, ब्राजील की वायु सेना ने इस वर्ष 19 हवाई जहाज दुर्घटनाएं दर्ज की थीं, जिनमें से पांच घातक थीं। 7 फरवरी को, साओ पाउलो में एक और छोटा विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट और विमान के मालिक की मौत हो गई। अगस्त 2024 में, साओ पाउलो के पास विन्हेडो में एक विमान दुर्घटना में विमान में सवार सभी 72 लोग मारे गए थे।

### सिंध में तीर्थयात्रियों से भरी वैन के पलटने से चार मरे, 10 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत स्थित नवाबशाह में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक वैन के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना अमरी रोड पर हुई, जब सेहवान शरीफ जा रही एक तेज रफ्तार वैन ने नियंत्रण खो दिया और पलट गई। मृतकों व घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था। पीड़ितों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है।

### बेरूत में शांति मिशन पर हुए हमले में डिप्टी कमांडर घायल

**बेरूत, एजेंसी।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के निवर्तमान डिप्टी कमांडर एक हमले में घायल हो गए हैं। यह हमला उस वक्त हुआ जब शांति सैनिकों को बेरूत हवाई अड्डे पर ले जाए जा रहे थे। यूनीफिल ने कहा, आंतरिक मंत्री अहमद अल-हज्जर ने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए शनिवार को आपातकालीन बैठक बुलाई। लेबनानी मंत्री ने कहा, अपराधियों की पहचान करने और उन्हें संबंधित न्यायिक अधिकारियों को संदर्भित करने के काम करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### गुब्बारों में लगी आग से बाल-बाल बचे नेपाली उप प्रधानमंत्री पौडेल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल और पोखरा के मेयर धनराज आचार्य शनिवार को एक घटना में बाल-बाल बच गए। एक समारोह के दौरान हाइड्रोजन गैस भरे गुब्बारों में आग लग गई। कार्यक्रम में मौजूद उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री पौडेल के अलावा पोखरा के मेयर धनराज की आग की चपेट में आ गए। इसके बाद दोनों नेताओं को एयरलिफ्ट कर राजधानी काठमांडो के बर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रूसी समकक्ष लावरोव से मार्को रुबियो ने की बात

**मास्को, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से बात की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर मिलकर काम करने के संभावित अवसरों पर भी चर्चा की। यह बातचीत इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के बाद हुई। इस सप्ताह की शुरुआत में, ट्रंप ने कहा था कि उनकी पुतिन के साथ एक उत्पादक फोन कॉल हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन में संघर्ष को तुरंत खत्म करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई। यूक्रेन के अलावा, दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा और अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

### मानवाधिकार समूहों की एपल यूजर डाटा पर ब्रिटिश आदेश की निंदा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मानवाधिकार निगरानी समूह 'एचआरडब्ल्यू' समेत अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने ब्रिटेन सरकार के हाल ही में दिए गए उस आदेश की निंदा की है जिसमें एपल से एन्कक्रप्टेड उपयोग कर्ता डाटा तक पहुंच देने की मांग की गई है। ब्रिटिश गृह मंत्रालय द्वारा जनवरी में जारी आदेश एपल के उन्नत डाटा सुरक्षा फीचर को लक्षित करता है, जो क्लाउड-स्टोर किए गए डाटा को सुरक्षित करने के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का उपयोग करता है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और एचआरडब्ल्यू ने कहा, यह सरकारी आदेश गोपनीयता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाता है।

### पाकिस्तान के नागरिकों ने 12 देशों में तोड़ा कानून, 131 का निर्वासन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के नागरिकों की विदेशों में साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 12 देशों से अब तक 131 लोग विभिन्न कानूनी उल्लंघनों के कारण निष्कासित किए जा चुके हैं। इसमें नशीली दवाओं से संबंधित अपराध, अवैध प्रवेश और रोजगार नियमों का पालन न करना शामिल है। कई देशों के अधिकारियों ने स्थानीय कानूनों के उल्लंघन का हवाला देते हुए इन्हें निर्वासित किया। सऊदी अरब ने निर्वासन का नेतृत्व किया, जिसने नशीली दवाओं की तस्करी में कथित संलिप्तता और बिना पूर्व सूचना के नौकरी छोड़कर रोजगार समझौतों का उल्लंघन करने के आरोप में 74 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया।

# पाकिस्तान में हुए दो हादसों में कम से कम 16 लोगों की मौत,



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अखबार डॉन ने बताया है कि लाल शाहबाज कलंदर के उर्स से पहले पाकिस्तान के सिंध के सेहवान शहर की ओर जा रहे वाहनों की दो दुर्घटनाओं में शनिवार को कम से कम 16 यात्रियों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। सिंध के शहीद बेनजीराबाद जिले के काजी अहमद कस्बे के पास वैन के ट्रेलर से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में, पाकिस्तान के पंजाब के बुरेवाला इलाके के 11 यात्रियों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना खैरपुर जिले के रानीपुर के पास हुई।

काजी अहमद स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) वसीम मिर्जा ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है और कहा है कि यह दुर्घटना काजी अहमद के पास अमरी रोड पर हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मिर्जा ने कहा कि श्रद्धालुओं को लेकर वैन जामशोरो जिले के सेहवान शहर में लाल शाहबाज कलंदर की दरगाह की ओर जा रही थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया, ÷तेज़ रफ़्तार वैन ने पहले एक गधा गाड़ी को टक्कर मारी, उसके बाद सामने से आ रहे एक ट्रेलर से जोरदार टक्कर हुई।÷ मिर्जा के अनुसार, बचाव दल और पुलिस पहले मौके पर पहुँची और दो शवों और घायल लोगों को काजी अहमद तालुका अस्पताल ले गई। वसीम मिर्जा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को नवाबशाह स्थित पीपुल्स यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज फॉर विमेन में रेफर किया गया, जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया।

खैरपुर के डिप्टी कमिश्नर अहमद फवाद शाह ने बताया कि बुरेवाला से आ रही एक स्थानीय बस रानीपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे एक रिक्शा से टकरा गई। शाह के अनुसार, ड्राइवर ने शायद रिक्शा को बचाने की कोशिश की होगी। अहमद फवाद शाह ने बताया कि इस दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। यह स्पष्ट नहीं है कि रिक्शा में बैठे लोग भी हताहत हुए हैं या नहीं। मृतकों और घायलों को इलाज के लिए तीन अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया, जिनमें ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र (आरएचसी) हिंगोरजा और रानीपुर के अलावा गंबाट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड साइंसेज (जीआईएमएस) खैरपुर शामिल हैं। एसएसपी खैरपुर तौहीद मेमन ने बताया कि बस रिक्शा से टकराने के बाद पलट गई।

उन्होंने कहा, ÷सभी मृतक और घायल बुरेवाला से आए थे और कलंदर के उर्स में शामिल होने के लिए सेहवान जा रहे थे।÷ उन्होंने बताया कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और उसके बाद घायलों और घटना में मारे गए लोगों को बुरेवाले, वेहारी ले जाया जाएगा।

# पाकिस्तान में फंसे 15 हजार अफगानी नागरिक

## ट्रम्प ने अमेरिका आने पर रोक लगाई, बाइडेन ने शरण देने का वादा किया था



**इस्लामाबाद, काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान की तालिबानी सत्ता के डर से अमेरिका जाने वाले अफगानी लोग अब पाकिस्तान में फंस गए हैं। वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शरणार्थियों को लेकर जारी कार्यकारी फरमान। इस आदेश के तहत अगले 90 दिनों तक किसी भी देश से शरणार्थी अमेरिका नहीं आ सकते हैं। पाकिस्तान में 15 हजार से ज्यादा शरणार्थी ऐसे हैं जिन्हें बाइडेन प्रशासन ने अपने देश में आने की इजाजत दे दी थी। बता दें कि अमेरिका ने 2021 में अफगानिस्तान छोड़ने से पहले हजारों शरणार्थियों को देश में जगह देने का वादा किया था। लेकिन ट्रम्प के आदेश के चलते इन सब शरणार्थियों का भविष्य अब अधर में लटक गया है। उन्हें डर है कि वापस लौटे तो तालिबानी सत्ता जिंदा नहीं छोड़ेगी।

**पाकिस्तान ने 31 मार्च तक देश छोड़ने का आदेश दिया :** अफगानिस्तान के लोग इन दिनों इस्लामाबाद-रावलपिंडी में सड़कों पर हैं। उनकी मांग है कि ट्रम्प इस फैसले को पलटें नहीं तो उन्हें संकट का सामना करना पड़ेगा। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान के शरणार्थियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। पाक सरकार का कहना है कि जो अफगान शरणार्थी किसी तीसरे देश में स्थानांतरित नहीं हो सकते, उन्हें 31 मार्च 2025 के बाद पाकिस्तान छोड़ना होगा।शरणार्थी समूहों ने पाक की शहबाज सरकार के इस ऐलान की आलोचना की है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान लौटने पर इनकी जान को खतरा है। ट्रम्प को फैसले पर विचार करना चाहिए। अफगान इवैक समूह के संस्थापक शॉन का कहना है कि इस संकट के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों का संकट :** तालिबान के सत्ता में आने के बाद लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया, जिनमें सबसे अधिक लोग पाकिस्तान और ईरान पहुंचे। पाकिस्तान में पहले से ही लगभग 30 लाख अफगान शरणार्थी थे, जिनमें से अधिकांश 1980 के दशक में सोवियत आक्रमण के दौरान आए थे। तालिबान की वापसी के बाद 6 लाख से अधिक नए शरणार्थी पाकिस्तान पहुंचे। 2023 के अंत तक पाकिस्तान सरकार ने अवैध अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का अभियान शुरू कर दिया था। पाकिस्तान ने 15 लाख से अधिक अवैध अफगानों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान सरकार ने पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। लेकिन पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय हितों का हवाला देकर इस कार्रवाई को जारी रखा है।

### ऑस्ट्रिया में 23 वर्षीय व्यक्ति ने छह लोगों पर चाकू से किया हमला; एक की मौत

**विएना, एजेंसी।** दक्षिणी ऑस्ट्रिया में शनिवार को एक 23 वर्षीय व्यक्ति ने छह राहगीरों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह एक आकस्मिक हमला था, जिसमें एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को विलाच शहर में हिरासत में लिया गया, जहां हमला हुआ था। उन्होंने बताया कि वह सीरियाई नागरिक है और ऑस्ट्रिया में उसका कानूनी निवास है। पुलिस प्रवक्ता रेनर डायोनिसियो ने कहा कि अभी तक हमलावर की मंशा का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमलावर की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, हमें सुरक्षित जानकारी मिलने तक इंतजार करना होगा।पुलिस ने बताया कि एक 42 वर्षीय व्यक्ति जो एक खाद्य वितरण कंपनी के लिए काम करता है, उसने अपनी कार से घटना को देखा। डायोनिसियो ने ऑस्ट्रिया के सार्वजनिक प्रसारक ओआरएफ को बताया कि वह संदिग्ध की ओर चला गया और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद की। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित पुरुष थे, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हुए और दो को मामूली चोटें आईं। शनिवार को बाद में पुलिस ने बताया कि हमले में एक पांचवां व्यक्ति भी घायल हुआ है, जो कि एक पुरुष है। ऑस्ट्रिया के कैरिंथिया प्रांत के गवर्नर पीटर कैसर ने 14 वर्षीय पीड़िता के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# यूरोप पर हमला करने की तैयारी कर रहा रूस, यूरोपीय सेना बनाने की जरूरत, यूक्रेनी राष्ट्रपति का दावा



**म्यूनिख, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूरोपीय देशों के अपील की है कि उन्हें एक संयुक्त सेना बनाने की जरूरत है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में जेलेंस्की ने आशंका जताई कि अमेरिका, यूरोप को मुद्दों को न भी कह सकता है और अगर ऐसा हुआ तो यूरोप की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। जेलेंस्की ने ये भी दावा किया कि उन्हें अपनी खुफिया एजेंसी से पता चला है कि रूस इन गर्मियों में ही यूरोप को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है।

**यूरोप को सेना बनाने की जरूरत :** यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास है कि यूरोप के लिए अब अपनी खुद की सशस्त्र सेना बनाने का समय आ गया है। ईमानदारी से कहूं तो अब हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि अमेरिका उन मुद्दों पर यूरोप को नहीं कह सकता है, जो उसके लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि यूरोप को एकजुट होने और एक समान विदेश और रक्षा नीति बनाने की जरूरत है, जो अमेरिका को दिखाए कि ब्लॉक अपनी सुरक्षा के बारे में गंभीर है। उन्होंने कहा, यूरोप के पास वह सब कुछ है जिसकी उसे जरूरत है। उसे बस एक साथ आकर काम करने की जरूरत है ताकि कोई भी उसे नहीं न कह सके, उस पर हुक्म न चला सके या उसे आसानी से हरा न सके।

**यूरोप पर हमले की योजना बना रहे पुतिन :** जेलेंस्की ने दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने सशस्त्र बलों में 150,000 सैनिकों को शामिल कर रहे हैं, जो कि अधिकांश यूरोपीय सेनाओं से बड़ा आंकड़ा है। रूस में हर सप्ताह सेना भर्ती कार्यालय खोले जा रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी खुफिया सेवाओं के पास स्पष्ट खुफिया जानकारी है कि इस गर्मी में रूस प्रशिक्षण अभ्यास के बहाने बेलारूस में सेना भेजने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह यूरोपीय देशों के खिलाफ अभियान की शुरुआत हो सकती है। हालांकि नाटो की सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल ग्यूसेप कैवो ड्रैगन ने कहा कि फिलहाल उनके पास ऐसी पुष्ट जानकारी नहीं है।

अपने भाषण में, जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को झूठा करार दिया और कहा कि वे असल सुरक्षा गारंटी नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि हमारी भागीदारी के बिना हमारी पीठ पीछे किए गए सौदों को यूक्रेन से कभी स्वीकार नहीं करेगा। जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन का उत्तरी अटलांटिक संधि गठबंधन (नाटो) में भविष्य है। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बयानों के बावजूद आई है, जिसमें उन्होंने यूक्रेन को नाटो में शामिल करने से इनकार कर दिया है।

# जयशंकर ने इजराइली समकक्ष सार और फिजी के पीएम राबुका से मुलाकात की



**म्यूनिख, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) के दौरान अपने इजराइली समकक्ष गिदोन सार और फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के साथ भारत के संबंध को और मजबूत बनाने की दिशा में चर्चा की गई।जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राबुका के विचारों को सुनना हमेशा अच्छा लगता है। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। भारत और फिजी के संबंध बहुत अच्छे हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर अहम मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

इसके अलावा जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से भी भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर चर्चा की। उन्होंने सार के साथ एक्स पर अपनी बैठक के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में जयशंकर ने लिखा, पश्चिम एशिया- मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की ताकत और महत्व को रेखांकित किया।

इससे पहले जयशंकर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, पूर्व अमेरिकी दूत जॉन हंट्समैन, इस्टीटूटो अफारी इंटरनैजियोनाली (आईएआई) के निदेशक नथाली टोसी और यूएई के राजनीतिक मामलों के सहायक मंत्री और यूएई के विदेश मंत्री के दूत लाना नुसेबेह के साथ एक चर्चा में शामिल हुए। विदेश मंत्री ने जर्मन सांसदों जोहान वेडफुल, थॉमस एरंडल और जुर्गन हार्ड्ट एमडीबी से भी मुलाकात की और मजबूत भारत-जर्मनी और भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी में पारस्परिक रूप से लाभकारी अवसरों को रेखांकित किया।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के दौरान मंगोलिया, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, अर्जेंटीना और रोमानिया के विदेश मंत्रियों और नॉर्वे के वित्त मंत्री के साथ वैश्विक सुरक्षा, लोकतंत्र और आर्थिक सहयोग पर कई बैठकें की। 61वां म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 14-16 फरवरी को जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित किया जा रहा है।

# ट्रांसजेंडर्स को लेकर अमेरिकी सेना का बड़ा फैसला, ट्रंप के फरमान पर लगाई मुहर



**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बल में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के कुछ दिनों बाद, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि वह अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी। अमेरिकी सेना ने यह भी कहा कि वह सेवा सदस्यों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल प्रदान करना बंद कर देगी। एक पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी सेना अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन से जुड़ी प्रक्रियाओं को निष्पादित करना या सुविधा देना बंद कर देगी।

यह घोषणा ट्रंप द्वारा 27 जनवरी को आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद आई, जिसमें कहा गया था कि लिंग पहचान व्यक्त करना जो किसी व्यक्ति के यौन संघर्षों के साथ असंगत है÷ सैन्य सेवा के लिए आवश्यक कठोर मानकों को पूरा नहीं कर सकता है। सीबीएस न्यूज के अनुसार, आदेश में पेंटागन को 30 दिनों के भीतर ट्रांसजेंडर सेवा सदस्यों के लिए एक नीति निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। अमेरिकी सेना ने कहा कि तत्काल प्रभाव से, लिंग डिस्फोरिया के इतिहास वाले व्यक्तियों के लिए सभी नए प्रवेश रोक दिए जाते हैं, और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन की पुष्टि या सुविधा से जुड़ी सभी अनिर्धारित, अनुसूचित या नियोजित चिकित्सा प्रक्रियाओं को रोक दिया जाता है।

जेंडर डिस्फोरिया एक परेशानी की भावना है जो किसी व्यक्ति के जैविक लिंग और उनकी लिंग पहचान के बीच बेमेल होने के कारण उत्पन्न होती है। अमेरिकी सेना ने यह भी कहा कि लैंगिक डिस्फोरिया से पीड़ित व्यक्तियों ने स्वेच्छा से हमारे देश की सेवा की है और उनके साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाएगा। यह घोषणा तब हुई जब ट्रम्प ने अपने पुन-चुनाव अभियान में एक प्रमुख वादा जागृत संस्कृति पर कार्रवाई शुरू करने का वादा किया। वोक नस्लीय और सामाजिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करने वालों के लिए एक शब्द है, लेकिन इसका उपयोग रूढ़िवादियों द्वारा प्रगतिशील नीतियों का अपमान करने के लिए किया जाता है।

# पाकिस्तान-इमरान खान ने रमजान के बाद आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने अपनी पार्टी से रमजान के बाद एक मजबूत राजनीतिक आंदोलन शुरू करने को कहा है। साथ ही दो वरिष्ठ नेताओं को विपक्षी दलों से संपर्क करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खान के वकील फैसल चौधरी ने पीटीआई संस्थापक से मुलाकात के बाद अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यह घोषणा की। चौधरी ने कहा कि इमरान खान ने पीटीआई नेताओं - असद कैसर और उमर अयूब से विपक्षी दलों के साथ संवाद स्थापित करने को कहा। उन्होंने सरकार से उन तथ्यों पर विचार करने का भी आह्वान किया। इसका उल्लेख उन्होंने अपने खुले पत्रों में किया है।

इमरान खान के वकील ने कहा कि जिन पीटीआई नेताओं के खिलाफ कानूनी मामले दर्ज हैं, उन्हें अदियाला जेल में नियंत्रित परीक्षणों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि 9 मई के विरोध प्रदर्शन के बाद पार्टी छोड़ने वालों को कानूनी परिणामों से बचा लिया गया है। फैसल चौधरी ने कहा कि पीटीआई ने खुली सुनवाई के लिए इस्लामाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने दावा किया कि वकीलों और पत्रकारों को चुनिंदा रूप से अदालत कक्ष में जाने की अनुमति दी गई है। इमरान खान के वकील ने 9 मई 2023 को हुई घटनाओं को झूठा झंडा अभियान बताया।

घटनाओं की जांच के लिए एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग की मांग की। उन्होंने आगे कहा, हम संविधान और कानून के तहत न्याय चाहते हैं। हम सैन्य अदालतों पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच की टिप्पणियों से असहमत हैं। फैसल चौधरी ने पाकिस्तान में आर्थिक संकट और मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर करने के लिए इमरान खान का हवाला भी दिया।

फैसल चौधरी ने इमरान खान के हवाले से कहा, पीटीआई के खिलाफ कार्रवाई में घरों की पवित्रता का उल्लंघन किया गया। बुनियादी मानवाधिकारों को कुचला जा रहा है। मीडिया सेंसरशिप और इंटरनेट प्रतिबंधों के साथ, पाकिस्तान में कौन निवेश करेगा? उन्होंने दावा किया कि पीटीआई को हटाने और पीएम शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद पाकिस्तान को 45 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पिछले सप्ताह इमरान खान ने पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर को दूसरा खुला पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें इमरान खान ने कहा कि देश और राष्ट्र की बेहतरी के लिए ईमानदारी से सेना प्रमुख (आपको) एक खुला पत्र लिखा था। इसका उद्देश्य सेना और जनता के बीच बढ़ती खाई को पाटना था। हालांकि, प्रतिक्रिया बेहद गैरजिम्मेदाराना थी।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना की छवि और जनता और सेना के बीच बढ़ती खाई के संभावित परिणामों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि सरकार को चुनाव पूर्व धांधली के माध्यम से चुनाव परिणामों में हेरफेर करके स्थापित किया गया था।

CMYK

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में चिरमिरी में मुस्लिम मतदाताओं ने भी दिया भाजपा प्रत्याशियों का साथ,वार्ड क्रमांक 36 का परिणाम है उदाहरण

# चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 36 से भाजपा प्रत्याशी आयुषी सिंह ने 38 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी अजय बघेल को दी मात



-रवि सिंह-
चिरमिरी/एमसीबी,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 36 से भाजपा की आयुषी सिंह ने कांग्रेस के अजय बघेल को 38 मतों से करारी मात देकर जीत दर्ज की। वार्ड क्रमांक 36 में जहां भाजपा की आयुषी सिंह को 311 मत मिले वहीं कांग्रेस के अजय बघेल को 273 मतों से संतोष करना पड़ा। मुस्लिम बाहुल्य वार्ड क्रमांक 36 में भाजपा प्रत्याशी आयुषी सिंह की जीत के कई मायने निकलकर सामने आ रहे हैं जिसमें एक मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से जुड़ा विषय है जिसके अंतर्गत कहा जा रहा है कि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में हुए चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया और मंत्री श्याम बिहारी के नेतृत्व को स्वीकार किया। वार्ड क्रमांक 36 का परिणाम भी उदाहरण है जहां मुस्लिम मतदाताओं का समीकरण निर्णायक होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी आयुषी सिंह की जीत संभव हुई वह भी बड़े अंतर से वह चुनाव जीतकर निगम पार्षद बन सकीं। चिरमिरी का वार्ड क्रमांक 36 डोमनहिल कालोनी का क्षेत्र है जो आज भी कई मूलभूत जरूरतों से मरहूम है जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के विधायक और उनकी महापौर पत्नी के कई बड़े आश्वासनों के बाद भी यहां कोई विकास कार्य नहीं हुए। गौरवपथ का निर्माण भी हुआ जरूर लेकिन वह भी भ्रष्टाचार युक्त रहा और आज उसी का परिणाम रहा की कांग्रेस पार्षद की हार हुई। वार्ड क्रमांक 36 की निर्वाचित पार्षद आयुषी सिंह ने बातचीत में बताया कि उनका एक ही लक्ष्य है कि वह अपने वार्ड को सर्वसुविधायुक्त वार्ड बना सकें।उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी भवन सहित अन्य धार्मिक स्थलों के निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए प्रयास वह करेंगी,उन्होंने यह भी बताया कि गर्मी सहित अन्य दिनों में पानी सप्लाई की भी समस्या बनी रहती है वार्ड में जिसको लेकर वह अपना पूरा प्रयास करने वाली हैं जिससे यह समस्या दूर हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि चिरमिरी का वार्ड क्रमांक 36 भी बच्चों बड़े बुजुर्गों के लिए पार्क वाला वार्ड बने यह उनकी प्राथमिकता है। वार्ड से भी जारी पलायन को लेकर उन्होंने निराशा जाहिर करते हुए कहा कि चिरमिरी की नई नगर सरकार के साथ मिलकर वह भी अपने वार्ड से पलायन रोकने हर संभव प्रयास करने वाली हैं। वार्ड का सार्वजनिक सुलभ शौचालय वार्ड का यात्री प्रतीक्षालय स्वक्ष सुंदर होगा उन्होंने कहा यह सभी विषय उनकी प्राथमिकता है।

### पूर्व विधायक अपने वार्ड से भी हारे,वार्डवासी को भी पसंद नहीं आए डॉक्टर विनय

पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल अपने वार्ड से भी चुनाव हार गए।वार्ड क्रमांक 30 के निवासी डॉक्टर विनय जायसवाल जो कांग्रेस के चिरमिरी से महापौर प्रत्याशी थे अपने ही वार्ड से चुनाव हार गए। उनके अपने वार्ड के लोगों के भी उन्हें पसंद करने से इंकार किया इस चुनाव में।वैसे बड़ी अजीब बात है जो डॉक्टर विनय इस स्लोगन के साथ चिरमिरी के राजनीति में उदीयमान हुए थे कि विनय है तो विश्वास है उस डॉक्टर विनय के साथ उनके पड़ोसी भी नहीं हैं,अपने गृह क्षेत्र या वार्ड से चुनाव हार जाना राजनीतिक हार ही कही जाएगी और राजनीतिक भविष्य उनका खतरे में माना जायेगा।यदि इस परिणाम के आधार पर यह आंकलन किया जाए कि यदि कांग्रेस सरकार की तरह भाजपा भी अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराती और डॉक्टर विनय अपने वार्ड से पार्षद लड़कर महापौर बनने के प्रयास में रहते तब भी वह महापौर नहीं बन पाते और चुनाव हार जाते वार्ड पार्षद का।एक विधायक और राज्यमंत्री का दर्ज़ा पा चुके साथ ही पत्नी को महापौर बना चुके राजनीतिज्ञ के लिए लिए यह शर्मनाक हार है।

**वार्ड क्रमांक 36 में पहली बार जीत सकी भाजपा,मुस्लिम बाहुल्य है वार्ड क्रमांक 36**

**पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल को हराने वार्डवासी भी नहीं रहे पीछे,वार्ड से भी हारे विनय जायसवाल**

## मतगणना में गड़बड़ी का आरोप, कांग्रेस एजेंटों को बाहर निकाला गया

-संवाददाता-
सरगुजा,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



पंचायत चुनाव की मतगणना के दौरान भफौली और गड़ाघाट पंचायतों में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि मतगणना स्थल से कांग्रेस के एजेंटों को बाहर निकाल दिया गया, जबकि वहां सिर्फ मतदान कर्मी और भाजपा के एजेंट मौजूद रहे। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र क्रमांक 1 की कांग्रेस प्रत्याशी मतगणना स्थल के बाहर धरने पर बैठ गई। उनका मतगणना स्थल ग्राम भफौली में है, जहां वे प्रशासन से निष्पक्ष मतगणना की मांग कर रही हैं। कांग्रेस समर्थकों ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और प्रशासन भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। वहीं, प्रशासन ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि मतगणना निष्पक्ष तरीके से हो रही है और जो भी निर्देश दिए गए हैं, वे चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार हैं। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है, जिसको लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया हैं। फिलहाल मतगणना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

## प्रथम चरण के मतदान के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों दौरा

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण के मतदान कार्यक्रम के तहत सूरजपुर और भैयाथान विकासखंड क्षेत्र में मतदान किया जा रहा है। इस दौरान मतदान की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवम पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने भैयाथान विकासखंड का द्वारा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया एवम दोनों विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करवाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम भैयाथान श्री सागर सिंह सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवम एसपी ने अपने दौरे में प्राथमिक शाला जूनापारा सिरसी ,भैयाथान ग्राम पंचायत के हर्रा पारा मिडिल स्कूल मतदान क्रमांक 26, जमड़ी प्राथमिक शाला मतदान केंद्र का दौरा किया । जमड़ी प्राथमिक शाला मतदान केंद्र में उन्होंने वरिष्ठ मतदाता 71 वर्षीया श्यामा देवी से बातचीत किया। इसके अलावा उन्होंने यहां के युवा मतदाताओं से बातचीत कर मतदान के उनके अनुभव को जाना और सभी युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा।

## कुम्भ सड़क हादसे के मृतकों के निवास पहुंच कर उद्योग मंत्री ने दी श्रद्धांजलि, सभी 10 परिवारजनों को 1-1 लाख सहायता राशि देने का किया एलान

-संवाददाता-
कोरबा,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
दर्री क्षेत्र के कलमीडुग्गु, प्रगतिनगर के 10 लोगों की कुम्भ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में दुखद निधन के पश्चात रविवार की देर रात सभी के शव कोरबा लाये गए। सोमवार की सुबह नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सभी शोकाकुल परिवार के निवास पर पहुंच कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतृप्त परिवार जनों से भेंट कर अपनी सवेंदना प्रकट की। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने अपने सवेक्छानुदान मद से सभी 10 मृतकों के परिवार जनों को 1–1 लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। मिडिया से चर्चा करते हुए श्री देवांगन ने कहा की यह हृदयविदारक घटना थीं। मृतकों में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता भी थे। श्री देवांगन ने कहा की सभी शोकाकुल परिवार को हर संभव मदद के लिए प्रयास किए जायेंगे।



# क्या भाजपा पटना नगर पंचायत में हारे हुए पार्षद प्रत्याशियों को देगी टी वी शो कार्यक्रमों की तरह वाइल्ड कार्ड एंट्री...जैसी नगर पंचायत में एंट्री ?

**क्या हारे हुए पार्षद प्रत्याशी बनाए जाएंगे एल्डरमैन,क्या हारे हुए लोगों को ही मिलेगा दोहरा लाभ ? हारे प्रत्याशियों ने चुनाव में खुद के लिए ही की थी मेहनत,अध्यक्ष की जीत में उनका नहीं योगदान**

**क्या बावजूद इसके उन्हें मिलेगा एल्डरमैन बनने जैसा एक अभयदान ?**

**हारे हुए पार्षद प्रत्याशियों सहित ऐसे समाज के लोगों को जिन्हें मिला है प्रत्याशी बनने का मौका न मिले एल्डरमैन का पद,भाजपा की अंदर की सुगबुगाहट**

-संवाददाता-
कोरिया/पटना,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
नए नए नगर पंचायत पटना के चुनाव में अध्यक्ष सहित पांच पार्षदों की जीत के बाद अब उपाध्यक्ष के लिए जहां कांग्रेस खेमे में तैयारी और आमराय पार्षदों में बनाने की तैयारी चल रही है वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित भाजपा को समर्थन करने वाले पटना वासियों के मन में भी काफी कुछ चल रहा है और जो कुछ चल रहा है वह नगर पंचायत में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर चल रहा है जिसके लिए ऐसी सुगबुगाहट सुनाई दे रही है कि हारे हुए पार्षद प्रत्याशियों साथ उन समाज के लोगों को एल्डरमैन न बनाया जाए जिनके समाज से कोई पार्षद प्रत्याशी रह चुका है। जैसी सुगबुगाहट है उसके अनुसार भाजपा समर्थित लोगों की मंशा है कि अब एल्डरमैन की नियुक्ति में जिलाध्यक्ष इस बात का ध्यान रखें कि किसी को भी टी वी शो की तरह नगर पंचायत में वाइल्ड कार्ड एंट्री न मिल सके और हारे हुए लोगों को पुनः अगली बार के चुनाव के लिए तैयारी करने के लिए कहते हुए ऐसे लोगों को एल्डरमैन बनाया जाए जो पार्टी में समर्पित भाव से काम करते आए हैं। बताया जा रहा है कि एल्डरमैन की नियुक्ति पर पटना के भाजपा समर्थित लोगों की टकटकी लगी हुई है। कई ऐसे भाजपा समर्थित लोग हैं जिनका निस्वार्थ भाजपा प्रेम पटना में जाना माना जाता है और ऐसे लोगों को अब नगर पंचायत में स्थान मिले यह अधिकांश भाजपाइयों की मंशा है।

बता दें कि कई बड़े चेहरे भाजपा के पटना के पहले चुनाव में पार्षद का चुनाव हार गए और वह ऐसे चेहरे थे जो अध्यक्ष पद के दावेदार थे वहीं अब उनकी हार के बाद उनकी मंशा नगर पंचायत में पिछले दरवाजे से प्रवेश की है वह एल्डरमैन बनकर नगर पंचायत में जाना चाहते हैं और अब ऐसी मंशा का विरोध शुरू है। वैसे जिलाध्यक्ष भाजपा शायद ही ऐसे लोगों को प्रवेश दिलाए और भाजपा के अन्य समर्पित लोगों को पटना में नाराज होने का मौका दें ऐसा माना जा रहा है। वैसे भाजपा से जिन्हें एल्डरमैन बनाया जाना चाहिए उनमें से कुछ नाम नगर के लोगों के अंदरखाने की चर्चा से सामने आ रहे हैं और उन नामों में बलराम अग्रवाल, रितेश सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, संजय गुप्ता के नाम प्रमुख हैं। इन नामों के अलावा एक दो नाम की चर्चा और है और सोनी समाज से भी नाम सामने आ रहे हैं लेकिन सोनी समाज के एक पार्षद प्रत्याशी की हार ऐसे वार्ड से हुई जहां सोनी समाज का मत यदि पूरा प्रत्याशी को मिलता जो समाज से ही था भी वह भाजपा प्रत्याशी जीत जाता और ऐसा नहीं हुआ इसलिए सोनी समाज की दावेदारी को इस आधार पर खारिज करने की बात सुनी जा रही है। वैसे कई वार्डो से प्राप्त नतीजे यह साबित करते हैं ऐसा कार्यकर्ताओं का मानना है कि सोनी समाज का साथ मिला होता भाजपा प्रत्याशी की जीत का अंतर और अधिक होता और कई पार्षदों के भी भाजपा के जीत होती। वैसे इसमें सोनी समाज के पदाधिकारी जिन्होंने बीजेपी के लिए काम किया था उनका भी नाम इसमें शामिल है जो अध्यक्ष पद के दावेदार भी थे और टिकट न मिलने के बाद भी उन्होंने विरोध नहीं किया भाजपा के साथ ही जाना जरूरी समझा और अंततः आज उनकी वजह से सोनी समाज का 70 प्रतिशत वोट भी भाजपा को गया। वह भी एल्डरमैन के दावेदार हैं।




# सोनहत विकासखण्ड में 66 प्रतिशत से अधिक मतदान

**बुज़ुर्गों और महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में की मतदान**

-संवाददाता-
कोरिया/सोनहत,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव सभी 90 मतदान केंद्रों में हुआ। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो गया था हालांकि सुबह 9 बजे तक मतदान धीमी रहा लेकिन 11 बजे बाद मतदान प्रतिशत में इजाफा देखने को मिली। सुबह 9 बजे जहाँ 5.24 प्रतिशत मतदान हुआ था वहीं 11 बजे 26.5 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद मतदान का प्रतिशत दोपहर 3 बजे पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 68 प्रतिशत रहा जबकि महिला मतदाताओं का 63 प्रतिशत रही।
पहले चरण का अनन्तिम प्रतिशत 65.5 प्रतिशत-इस तरह पहले चरण के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत सोनहत विकासखण्ड के 42 ग्राम पंचायत के 90 मतदान केंद्रों में मतदान का अनन्तिम प्रतिशत 65.5 रहा। हालांकि मतदान प्रतिशत बढ़ने की सम्भवना है क्योंकि अभी भी कई मतदान केंद्रों में मतदाता कतार में लगे हुए हैं।
कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने मतदान की स्थिति व व्यवस्थाओं का लिया जायजा- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, सोनहत विकासखण्ड के दूरस्थ मतदान केंद्र सिंघोर, रामगढ़, उज्ञाव, अमृतपुर सहित अनेक मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान की स्थिति व व्यवस्था का जायजा ली, वहीं सामान्य पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता भी मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान अधिकारियों व मतदाताओं से मतदान के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए सम्बंधित मतदान दलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।







### कुल 90 मतदान केन्द्रों में चल रहा मतदान

बता दें सोनहत विकासखण्ड में महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 915, पुरुष मतदाता 18 हजार 552 जबकि तृतीय लिंग मतदाता की संख्या एक है। इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 37 हजार 468 है। 42 ग्राम पंचायतों अकलासई, अमृतपुर, आनंदपुर, बंशीपुर, बसेर, बसवाही, बेलिया, भैसवार, बोड़ार, चकडांड, चंदहा, दामुज, दसेर, घूघरा, कछार, कछाड़ी, कचोहर, कैलासपुर, कटगोड़ी, केंशगवां, किशोरी, कुशहा, लटमा, मधौरा, मधला, मझरटोला, मेंड्रा, नटवाही, नौगई, नावाटोला, ओदारी, पोंडी, पुसला, रजौली, रामगढ़, रावतसरई, सालगवां कला, सिंघोर, सोनहत, सुंदरपुर, तंजरा तथा उज्ञाव में 90 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### मोरो फोटो खींच न दाऊ...

ग्राम पोड़ी निवासी रंग बहादुर ठाकुर अपनी बुजुर्गियत से युवाओं के लिए प्रेरणा बनते हुए हाथों में लाठी लेकर मतदान करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा यह अवसर पांच साल में एक बार आता है इसे भला क्यो छोड़े और हंसते हुए बहादुर ठाकुर ने कहा मोरो फोटो खीच न दाऊ।

### पैर में दर्द...लेकिन मतदान करने पहुंची

करीब 65 वर्षीय फुलकुंवर ने बताया कि उनके पैरों में दर्द है। इसके बावजूद मतदान करने पहुंची है। क्योंकि पहले मतदान फिर बाकी अन्य काम। इसी तरह ग्राम कटगोड़ी मतदान केन्द्र पहुंची कंचन बाई, श्यामा बाई, हेमलता ने कहा यह मतदान उनका अधिकार है। इसलिये अन्य काम को छोड़कर मतदान करने वे पहुंची है।

### व्हील चेयर के सहारे लोकतंत्र को मजबूत करने निकले अनिल राजवाड़े

लोकतंत्र के इस महापर्व को मजबूत करने व्हील चेयर पर पहुंचे अनिल राजवाड़े की इक्छा शक्ति और उनकी दृढ़ संकल्प अन्य के लिए प्रेरणा बनी। इस तरह मतदान केंद्रों में बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवाओं मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान करने बडी संख्या में पहुंचे थे।

### पंच,सरपंच,जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए हुए मतदान

477 वार्ड पंचों के लिए 650 उम्मीदवार हैं जबकि 42 सरपंच पदों के लिए 198 और 10 जनपद सदस्यों के लिए 60 तथा दो जिला पंचायत सदस्यों के लिए 8 उम्मीदवार मैदान में हैं। बता दें त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का मतदान मतपत्र के माध्यम से हुआ है, मतदाताओं ने पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान किये हैं। रिटर्निंग अधिकारी श्री उमेश कुशवाहा ने बताया कि दोपहर 3 बजे तक यह अनन्तिम आंकड़ा है, अंतिम आंकड़ा शाम 6-7 बजे तक मिलने की संभावना है। शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने 8 लोगों को कारण बताओ नोटिस किया जारी

-संवाददाता-
एमसीबी,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 8 लोगों की ड्यूटी विकासखंड खड़गवां में मतदान दल अधिकारी के रूप में लगाई गई थी, जिसमें ये अधिकारी एवं कर्मचारी अनाधिकृत रूप से सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना कर्तव्य से अनुपस्थित रहे। इनके उक्त कृत्य से निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही स्पष्ट होती है, जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम के सर्वथा विपरीत है। इन अधिकारी एवं कर्मचारियों में सत्येंद्र सिंह (व्याख्याता), अमृत (लिपिक), दिलीप जायसवाल (शिक्षक), भारत सिंह (सहायक प्राध्यापक), उमाशंकर साहू (अधीक्षक), प्रेम लाल (प्रयोगशाला सहायक), राजकुमार प्रसाद (सहायक शिक्षक) तथा लोक निर्माण विभाग से विकास कुमार सिंह का नाम शामिल है। क्यों न आपके विरुद्ध एकतरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए ? उक्त संबंध में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपना जवाब पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला एमसीबी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में आपके विरुद्ध एकतरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

CMYK

# पूर्व विधायक बैकुंठपुर की पसंद जब हुई अस्वीकार तो पूर्व विधायक ने लिया ऐसा निर्णय...पार्टी की हुई हार ?

**नगर पंचायत पटना में निर्दलीय लड़ने वाले उम्मीदवार को था पूर्व विधायक बैकुंठपुर का समर्थनःसूत्र**

**वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व विधायक की पसंद को जब किया नापसंद,पार्टी के ही पदाधिकारी को बगावत के लिए उकसाया पूर्व विधायक नेःसूत्र**

**बागी कांग्रेसी की पत्नी रही दूसरे स्थान पर,कांग्रेस रही तीसरे स्थान पर,भाजपा की जीत पूर्व विधायक की देनःसूत्र**

**पूर्व विधायक के लिए कुछ वरिष्ठ भी अंदरखाने कर रहे थे बागी कांग्रेसी की पत्नी के लिए कामःसूत्र**

**पटना की राजनीति में कांग्रेस में हुआ था दो फाड़,बगावत का लाभ मिला भाजपा को,भाजपा प्रत्याशी की हुई जीत**

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरी निकाय चुनाव संपन्न हो गया है पर प्रथम नगर पंचायत चुनाव पटना की समीक्षा अभी भी जारी है,तमाम तरह के कयास व चर्चा आम है जहां जीतने वाले से लेकर हरने वाले तक अपनी समीक्षा कर रहे हैं, एक-एक वोट की समीक्षा हो रही है पर इस बीच यदि कुछ चौंकाने वाली चीज आ रही है तो वह है कांग्रेस की हार, जिसमें पूर्व विधायक की षड्यंत्र की बात कही जा रही हैं, वरिष्ठ कांग्रेसियों के भी पंख कतरने की राजनीति की बात सामने आ रही है, यह चुनाव में हार से वरिष्ठ नेताओं की भी साख दाव पर लगी हुई थी जो कहीं ना कहीं हार के बाद मंथन में पता चल रहा है कि उनकी साख वाकई में यह चुनाव ने गिरा दिया है, पर इसके पीछे किसी बड़े षड्यंत्र का दवा सूत्रों के द्वारा किया जा रहा है, कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी का मैदान में उतरना पूर्व विधायक का षड्यंत्र माना जा रहा है, यह बात इस समय राजनीतिक चर्चाओं में है पर कितना सही है इसकी पुष्टि दैनिक घटती घटना नहीं करता है पर इस समय यह चर्चा खूब है।




नगर पंचायत पटना के प्रथम चुनाव में कांग्रेस के तीसरे स्थान पर रहने और भाजपा प्रत्याशी की जीत से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है और वह खबर है बागी कांग्रेसी की निर्दलीय प्रत्याशी से जुड़ी हुई जिसमें सूत्रों का दावा है कि बागी होकर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस पदाधिकारी की पत्नी को पूर्व विधायक बैकुंठपुर का पूर्ण समर्थन था और पूर्व विधायक के कहने और समर्थन के वादे पर ही बागी कांग्रेसी की पत्नी चुनावी मैदान में थीं। वैसे सूत्रों का यह भी दावा है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पूर्व विधायक की पसंद को जब वरिष्ठ कांग्रेसियों ने दरकिनार किया खासकर पटना के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक ने इसे सम्मान से जोड़कर ले लिया और उन्होंने बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी बतौर लड़ रही कांग्रेस पदाधिकारी की पत्नी को समर्थन दें दिया। वैसे यदि यह दावा सूत्रों का सही है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि कांग्रेस के हिसाब से यह दुर्भाग्यजनक खबर या सूचना है और यह माना जाएगा इस आधार पर की पार्टी ने जिसको प्रत्याशी बनाया उसका पूर्व विधायक ने विरोध किया और उसे हरा दिया।

## पूर्व विधायक की राजनीति हमेशा से समझ से परे वाली

पूर्व विधायक की राजनीति हमेशा से समझ से परे वाली देखी जाती रही है। पूर्व विधायक खुद की रणनीति को ही सही मानकर चलती हैं और उनके निर्णय को ठुकराने पर वह बगावत पर भी उतर जाती हैं। पटना मामले में सूत्रों की बात सही माने तो यह सच भी है।

## पटना के वरिष्ठ कांग्रेसियों को किनारे लगाने की पूर्व विधायक की थी योजनाःसूत्र

सूत्रों की माने तो नगर पंचायत पटना के पहले चुनाव में पूर्व विधायक अपने पसंद का प्रत्याशी तय कराना चाहती थीं वहीं ऐसा नहीं होने पर और पटना के वरिष्ठ कांग्रेसियों के अड़ने पर उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसियों को किनारे लगाने खासकर उनके राजनीति को समाप्त करने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी को अंदर से समर्थन दिया और अपने कुछ सिपहसलार इस योजना को सफल बनाने भेजा भी। सूत्रों की माने तो यदि निर्दलीय प्रत्याशी की जीत तय होती श्रेय लेने खुद पूर्व विधायक आतीं और वरिष्ठों के निर्णय को गलत ठहराती।

## क्या पूर्व विधायक की बगावत में निर्दलीय का चुनाव में उतरना दोनों के लिए सही साबित नहीं हुआ ?

वैसे सूत्रों का दावा सही भी जान पड़ता है क्योंकि पूर्व विधायक के कुछ सिपहसलार पटना जाते तो थे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने लेकिन उनके मुंह से प्रचार निर्दलीय लड़ रही कांग्रेस के बागी की पत्नी का ही नाम निकलता था और चौक चौराहों में वह उसे ही विजेता बताकर माहौल उसके पक्ष में करने में लगे रहते थे। वैसे इस सूत्र जनित खबर को सही यदि माना जाए तो यह कहना गलत नहीं होगा कि कर बुरा तो हो बुरा और कर भला तो हो भला और पूर्व विधायक के साथ और उनके समर्थन से निर्दलीय लड़ रहे प्रत्याशी के साथ बुरा हुआ और वह चुनाव हार गईं। नियत से ही बरकत वाली कहावत यहां चरितार्थ हुई। पूर्व विधायक की बगावत में निर्दलीय का चुनाव में उतरना दोनों के लिए सही साबित नहीं हुआ, बगावत का दोष प्रत्यासी के पति पर लगा निष्कासन हुआ और चुनाव भी हार गए।

## क्या पूर्व विधायक का भी अब राजनीतिक नुकसान हुआ है ?

वैसे सूत्रों का यह भी दावा है कि पटना क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं में से भी एक ने निर्दलीय का समर्थन किया था अंदर ही अंदर और कई जगह उसके लिए वोट की अपील की थी वहीं ऐसा वह छिप छिपाकर करते रहे और अंत में बात उजागर हुई है। पूर्व विधायक के खास सिपहसलार को लेकर कहा जा रहा है कि उसने जश्न की तैयारी भी कर ली थी पूर्व विधायक की वापसी भी उसने तय किया था जो चुनाव के दौरान नहीं नजर आया लेकिन परिणाम के बाद सब तैयारी धरी रह गई। वैसे पूर्व विधायक के समर्थक के अनुसार जैसा सूत्रों का कहना है निर्दलीय प्रत्याशी जिसे पूर्व विधायक का समर्थन था कि जीत यदि सुनिश्चित होती पूर्व विधायक उसे पार्टी में शामिल कराती और श्रेय लेकर आगे अपने निर्णय को सही वरिष्ठों के निर्णय को गलत बताती। वैसे ऐसा न होना उनके लिए एक बड़ा झटका है और पूर्व विधायक का भी अब राजनीतिक नुकसान हुआ है।

## वरिष्ठ अंत तक कांग्रेस को एक करते रह गए,पटना से बाहर से आने वाले कांग्रेसियों में से पूर्व विधायक गुट निर्दलीय के लिए लगा रहा

पटना के वरिष्ठ और बैकुंठपुर के कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी कांग्रेसियों को एकजुट करने में लगे रहे अंत तक वहीं कुछ जो बाहर से खासकर पटना से बाहर से आने वाले कांग्रेसी निर्दलीय के लिए कैंपेनिंग करके चले गए। कुल मिलाकर कांग्रेस एकजुट होने की बजाए दो गुटों में आखिरी तक बनी रही और जिसका फायदा भाजपा सीधे बिना अधिक मेहनत उठा ले गई।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वोट देने उमड़ा ग्रामीण भारत

### परिवार संग मताधिकार का प्रयोग कर मंत्री ने दिया संदेश,मेरा वोट-मेरा अधिकार को दृष्टांत किए श्याम बिहारी जायसवाल

### मतदान के बाद बोले मंत्री

आज का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चयन का चुनाव है। हमारी माता बहने यह भलीभांति जानती है कि उन्हें कैसा जनप्रतिनिधि चाहिए, हमारी माता बहनों ने साय सरकार के 13 महीनों के कार्यकाल को भी देखा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने चुनाव में जो जो वायदे किए थे उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं की है। माता, बहनों से किया हमने वायदा निभाया है, किसानों को धान के एक एक दाना का मूल्य दिया है। आज किसान खुश है। महिलाएं अपने पैरों में खड़ा हो रही है। प्रदेश के 10 नगर निगमों में शहर की आम जनता ने भरोसा जताया और 10 के 10 नगर निगमों में कांग्रेस का सफाया कर भाजपा का कमल खिलाया है। निगम 2025 के चुनाव में मिला जनादेश इस बात का सूचक है कि सरकार के कामों से आम जन जीवन खुशहाल हुआ है और अब शहर की जनता भी शहर सरकार को ट्रिपल इंजन के रूप में भाजपा के झोली में डाला है और अब 2025 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आज मतदान हो रहा है आप देखेंगे कि प्रदेश के निगमों की तरह ही जिला पंचायत, जनपद और ग्राम पंचायतों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय होगी और हम सब मिलकर नए छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाकर सुघर छत्तीसगढ़, सुघर विधानसभा और सुघर गांव का निर्माण करेंगे।





-रवि सिंह-
चिरमिरी/खड़गवां/मनेंद्रगढ़,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

खड़गवां में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 का मतदान हुआ। सुबह के 11 बजे तक ही बड़ी संख्या में मतदान करने गांव के आम नागरिक पोलिंग बूथ तक पहुंचे। 11 बजे तक ही कुल 32.96 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें पुरुष वर्ग ने 32.59 प्रतिशत और महिला वर्ग ने 33.32 प्रतिशत मतदान किया।

ज्ञात हो कि नगरीय निकाय 2025 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर अपने निवास में जिला पंचायत क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों से चुनाव के संबंध में ग्रामीणों से बातचीत और जनसंपर्क कर भाजपा को जिला पंचायत समेत जनपद और ग्राम पंचायतों में कमल खिलाने की अपील की। दरअसल चुनाव में मिले अल्प समय के बावजूद श्री बिहारी ग्राम पंचायतों में ताबड़तोड़ दौरा कर प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने अपील करते नजर आए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत रतनपुर से दौरा कार्यक्रम की शुरुआत की। खड़गवां जनपद के ग्राम रतनपुर के बैगा पारा, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 खड़गवां, ग्राम पंचायत पोड़ीडीह, ग्राम पंचायत पैनारी, ग्राम पंचायत मेंड्रा, ग्राम पंचायत कोड़ा और ग्राम पंचायत बेलबहरा पहुंचे और ग्राम वासियों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की थी।




### स्वास्थ्य मंत्री ने किया मतदान कहा पहले मतदान फिर कोई काम

को साकार करते हुए स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने अमूल्य मत का प्रयोग कर वोट दिया। इस अवसर पर श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, अपने मत का प्रयोग कर हम एक ऐसी सरकार चुनते है जो देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाता है। मतदान करने से पूर्व हमें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए अन्यथा हमारा एक वोट ऐसी जगह चला जाता है जो बाद में हमारे लिए चिंता का कारण बनता है इसलिए अपने अमूल्य वोट का प्रयोग आप सब जरूर करे और एक स्वच्छ, ईमानदार, आपके सुख दुख में खड़ा रहने वाले जनप्रतिनिधि का चयन करे।

### गृह ग्राम रतनपुर में परिवार संग सेल्फी

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने परिवार संग ग्रामीण भारत की सरकार बनाने के लिए निज निवास से मतदान करने खड़गवां के ग्राम पंचायत रतनपुर के शासकीय प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचे। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती कांति जायसवाल, बड़े भाई परमानंद जायसवाल, मां श्रीमती चंद्रवती जायसवाल जी, पुत्री सुश्री कंचन जायसवाल भी मौजूद रही। इस दौरान परिवार के सभी सदस्यों द्वारा अपने अमूल्य मत और अधिकार का प्रयोग किया गया तत्पश्चात परिवार संग सेल्फी लेकर मेरा मत मेरा अधिकार को मंत्री और उनका पूरा परिवार दृष्टांत किए।

### शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रशासन है चुस्त

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत विकासखंड खड़गवां में आज ग्रामीण अपने मतदान का प्रयोग किए इसके लिए दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना एक दिन पूर्व ही कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार 24 बसों और 1 बोलेरो वाहन के माध्यम से इन दलों को निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, वाहन व्यवस्था नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी की उपस्थिति रही। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने 17 फरवरी को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारियों का निरीक्षण किया। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।



## छेड़छाड़ कर लज्जा भंग करने के मामले मे सरगुजा पुलिस ने की सख्त कार्यवाही

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया द्वारा दिनांक 16/02/25 कों थाना अंबिकापुर (सिटी कोतवाली) आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया घटना दिनांक 15/02/25 कों सरपंच प्रत्याशी के घर से खाना खाकर पैदल अपने घर के लिए जा रही थी और प्रार्थिया गावं के बेलडबरा तालाब के पास पहुंची वहां आसपास कोई नहीं था, इसी दौरान सुनसान जगह पर अचानक से उदय कुमार सोनवानी उर्फ सोनू घसिया आ गया और आकर प्रार्थिया के हाथ को पकड लिया और छेडछाड करते हुये सीना मे हाथ डालने लगा और जबरजस्ती बेईज्जती करने की नियत से प्रार्थिया के हाथ को पकडकर धक्का देते खेत तरफ ले जाने लगा और जमीन में पटक दिया और प्रार्थिया के साथ जबरन गलत करने का प्रयास करने लगा प्रार्थिया अपने बचाव में सोनू घसिया को जोर से धक्का देकर चिल्लाने लगी तब प्रार्थिया को छोड़कर उदय कुमार सोनवानी उर्फ सोनू घसिया मौक़े से फरार हो गया, मामले में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना अम्बिकापुर में अपराध क्रमांक 104/25 धारा 74 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, आरोपी घटना दिनांक के पश्चात फरार चल रहा था, मामले में पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी को पकड़कर पूछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा अपना नाम उदय कुमार सोनवानी उर्फ सोनू घसिया पिता सुखराम सोनवानी उम्र 28 साल सा. ग्राम भिटटीखुर्द खालपारा थाना अंबिकापुर जिला सरगुजा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी अंबिकापुर निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक अरुण दुबे, महिला प्रधान-आरक्षक राधा यादव, प्रधान-आरक्षक सदरक लकड़ा एवं अजय पाण्डेय सक्रिय रहे।

### कांग्रेसी नेता और पंच प्रत्याशी विनय गुप्ता को बदतमीजी करना पड़ा महंगा

# गाँव की महिलाओं ने पटक कर पीटा

-शमरोज खान -
सूरजपुर,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय चुनाव के अंतर्गत होने वाले पंचायत चुनाव में सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत महावीरपुर में पंच पद के लिए वार्ड नंबर 6 से चुनाव लड़ रहे मोहिरुद्दीन के साथ गाँव के ही कथित दबंग विनय गुप्ता ने जमकर मारपीट की जिससे मतदान कार्य भी बाधित रहा।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत महावीरपूर के विनय गुप्ता ने पन्च प्रत्यासी मोहिरुद्दिन् और सरपंच प्रत्यासी महेश सिंह और हिरा पैकरा के साथ जमकर मारपीट की। दरअसल वर्षों से गाँव मे ग्रामीणों का शोषण औ



जमीनों पर कब्ज़ा करने की आदत और लोगों को अपना प्रभाव दिखाकर उन्हे परेशान करने वाले गुप्ता परिवार को इस चुनाव में गाँव के लोगों ने चुनाव प्रचार के दौरान ही बाहर का रास्ता दिखा दिया था। प्रचार के दौरान पंच के लिए उम्मीदवारी कर रहे विनय गुप्ता को गाँव की महिलाओं ने साफ कह दिया था की हमारा वोट आपको नही मिलेगा । आपने गुप्ता परिवार ने कइ गरिबों का घर गिराया उन्हे प्रताड़ित किया और अब वोट के लिए मांग करने आये हैं।

इस बात से नाराज विनय गुप्ता ने सुबह मतदान शुरु होते ही अपने प्रतिद्वंदी मोहिरुद्दीन और सरपंच प्रत्याशी महेश सिंह व हीरा पैकरा के साथ् हथापाई शुरु कर दी,हालांकि महिलाओं ने मोर्चा सम्हाल लिया और विनय गुप्ता की स्कूल परिसर में ही पटक कर धुनाई कर दी काफी गहमा गहमी के बिच सभी जयनगर थाने पहुंचे हैं फिलहाल खबर लिखने तक एफ आई आर लिखी जा रही थी,वहीं ग्रामवासी इस बात से बेहद खुश हैं की वर्षों से गुप्ता परिवार की गुलामी झेल रहे शोषित और पीड़ित लोग इस चुनाव में अपने लोगों को चुन रहे है अब उन्हे असल आजादी मिली है।

# चोरी का माल खरीदने वाले कुल 5 आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। थाना रामानुजनगर क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान को निशाना बनाकर सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों तथा चोरी का माल खरीदने वाले कुल 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 2 लाख 51 हजार 900 रूपये की सम्पत्ति जप्त किया है।

दिनांक 17.01.25 को ग्राम पस्ता निवासी भुजेश प्रजापति ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान पस्ता का ताला तोड़कर अज्ञात चोर के द्वारा 60 बोरी चावल चोरी कर ले गया है। दूसरे मामले में ग्राम दुर्गापुर निवासी रामजीत मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के शासकीय उचित मूल्य दुकान का चैनल गेट तोड़कर 64 बोरी चावल, 4 क्विंटल शक्कर चोरी कर ले गए। दोनों मामले की रिपोर्ट पर 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

थाना रामानुजनगर पुलिस इन दोनों मामलों की विवेचना में लगी थी इसी बीच सूचना मिला कि ग्राम परशुरामपुर के सोसायटी में चोरी हुआ है पुलिस मौके के लिए रवाना हुई तब रास्ते में ग्राम कोट में एक छोटा हाथी पंचर हालत में सड़क किनारे चावल बोरी लोड़ हालत में मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ पर जानकारी मिला कि इस वाहन से ड्राईवर सहित 3 लोग भागे है, पुलिस के द्वारा वाहन एवं चावल को थाना लाया गया। परशुरामपुर सोसायटी से 26 क्विंटल चावल चोरी होने की रिपोर्ट मुनफत खान ने रिपोर्ट दर्ज कराया। चावल लोड़ छोटा हाथी के वाहन स्वामी से ड्राईवर के बारे में पूछताछ करने पर राज सिंह उर्फ छोटू को गाड़ी चलाना बताया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर राज उर्फ छोटू को पकड़ा। पूछताछ पर इसने बताया कि अपने साथी मोहित सिंह, मनबहादूर बसोर, कमलभान सोनवानी व 1 अन्य के साथ मिलकर ग्राम पस्ता, दुर्गापुर एवं परशुरामपुर के उचित मूल्य दुकान से खाद्यान सामग्री चोरी करना और चोरी का माल सूरजपुर के चिटकाहीपारा मानपुर के विमलेश साहू को बिक्री करना बताया।

पुलिस टीम ने दबिश देकर मोहित, मनबहादूर बसोर, कमलभान व विमलेश साहू को पकड़ा गया जिन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। मामले में पुलिस के द्वारा 26 क्विंटल चावल कीमत करीब 40 हजार रूपये, नगदी 11900 रूपये, एक लोहे का सब्बल, परिवहन में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 4366 कीमत करीब 2 लाख कुल 2 लाख 51 हजार 900 रूपये का जप्त कर आरोपी 1. राज सिंह उर्फ छोटू पिता जवाहीर सिंह उम्र 26 वर्ष ग्राम पोड़ी सुरता,हाल मुकाम तुरियापारा मानपुर सूरजपुर 2. मोहित सिंह राजपूत पिता बब्बू उम्र 19 वर्ष निवासी तुरियापारा मानपुर सूरजपुर 3. मनबहादूर बसोर पिता करन बहादूर उम्र 25 वर्ष निवासी तुरियापारा मानपुर, 4. कमलभान सोनवानी पिता सोनू उम्र 26 वर्ष निवासी शिवप्रसादनगर, चौकी बसदेई 5. विमलेश साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी चिटकाहीपारा मानपुर, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक कौशलेन्द्र सिंह, देवान सिंह, सुधारन गिद्ध व दीपक यादव सक्रिय रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी में बजेगा हार्दिक पांड्या का डंका ?

## » ध्वस्त कर सकते हैं दादा का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**दुबई,17 फरवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उतरने के लिए तैयार हैं। चैंपियंस ट्रॉफी का 19 फरवरी से कराची में आगाज होगा। भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करने उतरेगी। बांग्लादेश से भिड़ने के बाद टीम इंडिया का पाकिस्तान से महामुकाबला होगा जो 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। इसके बाद 2 मार्च को टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी चुनौती पेश करेगी।

ग्रूप स्टेज के इन तीनों ही मैचों में टीम की कोशिश जीत दर्ज करने की होगी ताकि बिना किसी परेशानी के सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया जा सके। वैसे तो चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हैं लेकिन ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या पर थोड़ा अतिरिक्त भार होगा। हार्दिक पांड्या बल्ले और गेंद दोनों से कमाल करने में माहिर हैं। लिहाजा टीम और फैंस को उनसे कुछ ज्यादा ही उम्मीदें होंगी। इस दौरान हार्दिक पांड्या के पास एक बड़ा कीर्तिमान रचने का भी मौका होगा।

दरअसल, हार्दिक पांड्या चैंपियंस ट्रॉफी में पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। इस कीर्तिमान को ध्वस्त करने से हार्दिक पांड्या सिर्फ 8 छक्के दूर हैं। आपको बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड सौरव गांगुली के नाम है। गांगुली ने इस टूर्नामेंट में 17 छक्के जड़े हैं। दूसरी तरफ, हार्दिक चैंपियंस ट्रॉफी में 10 छक्के अब तक लगा चुके हैं। दादा का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए उन्हें सिर्फ 8 छक्कों की दरकार है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

सौरव गांगुली- 17
क्रिस गेल- 15
इयोन मोर्गन- 14
शेन वॉटसन- 12
पॉल कालिंगवुड- 11
हार्दिक पांड्या- 10

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया का शेड्यूल

20 फरवरीः भारत बनाम बांग्लादेश (भारतीय समयानुसार 2:30 पीएम)
23 फरवरीः भारत बनाम पाकिस्तान (भारतीय समयानुसार 2:30 पीएम)
2 मार्चःभारत बनाम न्यूजीलैंड (भारतीय समयानुसार 2:30 पीएम)

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की अपडेटेड टीमः- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती। नॉन ट्रैवलिंग सब्स्टिट्यूट यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे। तीनों खिलाड़ी आवश्यकता पड़ने पर दुबई जाएंगे।



## आकाश चोपड़ा ने मुंबई इंडियंस के आईपीएल 2025 शेड्यूल पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) के शेड्यूल को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि लीग चरण के दौरान टीम लगातार घरेलू और बाहरी मैचों के बीच स्विच करती रहेगी। इससे टीम को परेशानी हो सकती है।



## पाकिस्तान के खिलाफ 2 विकेट लेते ही इतिहास रचेंगे जडेजा

**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से हो रहा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के आधार पर किया जाएगा, जहां भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मैच के साथ करेगी। इसके बाद भारत का दूसरा मैच पाकिस्तान के साथ होगा, जो 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले का इंतजार सभी फैंस बेसब्री के साथ कर रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में भारत के दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के पास इतिहास रचने का मौका होगा।

## खेल राज्य मंत्री ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन किया




**पुणे,17 फरवरी 2025।** केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए राज्य द्वारा समर्थित पहली प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। एसएआई मीडिया की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 2018 जकार्ता-पालेमबांग एशियाई खेलों में एक प्रदर्शन खेल होने के बाद, ईस्पोर्ट्स 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में एक पदक खेल बन गया। प्रतिष्ठित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के खेल इतिहास और देश के उभरते ईस्पोर्ट्स उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में कार्य करती है। फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया और मराठा ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भर से 2100 प्रतिभागी भाग लेंगे।

# आईपीएल 2025 में 25 मार्च को पहला मैच खेलेगी शुभमन गिल की टीम



**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025।** आईपीएल 2025 के लिए शेड्यूल जारी हो चुका है। 22 मार्च से शुरू होने वाले सीजने में शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस की टीम अपना पहला मैच 25 मार्च को पंजाब किंग्स के साथ खेलेगी। दूसरी टीम की ही तरह गुजरात भी 14 लीग मैच खेलेगी और प्लेऑफ में पहुंचने की पूरी कोशिश करेगी।

आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले जाने वाले मैच के साथ होगी। गुजरात टाइटंस की बात करें, तो शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी अपना पहला लीग माच पंजाब किंग्स के साथ 25 मार्च को खेलेगी। इसके बाद दूसरा मैच 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के साथ होगा।

गुजरात के लिए पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था, क्योंकि फ्रेंचाइजी प्लेऑफ में भी क्वालीफाई नहीं कर सकी थी और अंक तालिका में 8वें नंबर पर रहते हुए लीग से विदाई ली थी।

### आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस का पूरा शेड्यूल

25 मार्च - गुजरात टाइटंस बनाम पंजाब किंग्स
29 मार्च- गुजरात टाइट्स बनाम मुंबई इंडियंस
2 अप्रैल- गुजरात टाइट्स बनामर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु
06 अप्रैल - गुजरात टाइट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद
09 अप्रैल - गुजरात टाइट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स
12 अप्रैल- गुजरात टाइट्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स
19 अप्रैल - गुजरात टाइट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
21 अप्रैल - गुजरात टाइट्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स
28 अप्रैल- गुजरात टाइट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स
2 मई - गुजरात टाइट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद
06 मई- गुजरात टाइट्स बनाम मुंबई इंडियंस
11 मई - गुजरात टाइट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
14 मई- गुजरात टाइट्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स
18 मई - गुजरात टाइट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स

राशिद खान, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, कैगिसो रबाडा, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, अरशद खान , गुरनूर बरार, शेरफेन रदरफोर्ड, साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत।



# रोहित शर्मा क्या दुबई स्टेडियम में दिखा पाएंगे ये बड़ा कमाल

### इस लिस्ट में नंबर-1 बनने का मौका

**नईदिल्ली,17 फरवरी 2025।** टीम इंडिया टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलने उतरेगी, जिसमें उसे ग्रुप-ए में जगह मिली है। भारतीय टीम को अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश की टीम के खिलाफ खेलना है। टीम इंडिया की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की स्क्वाड में शामिल सिर्फ 5 प्लेयर्स ही ऐसे हैं जिन्होंने इससे पहले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में वनडे मैच खेला है। इसमें एक नाम कप्तान रोहित शर्मा का भी शामिल है, जिनका इस मैदान पर बल्ला जमकर बोलता हुआ दिखाई दिया है। रोहित के पास चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में दुबई के मैदान पर शिखर धवन को एक खास लिस्ट में पीछे छोड़ने का मौका भी होगा।टीम इंडिया की तरफ से अब तक दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज शिखर धवन के नाम पर है, जिन्होंने 5 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 68.40 के औसत से 342 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतकीय पारियां भी देखने को मिली हैं। वहीं रोहित शर्मा इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर काबिज हैं, जिसमें उन्होंने भी 5 मैचों में खेलते हुए 105.66 के औसत से 317 रन बनाए हैं। रोहित के नाम दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक शतकीय और 2 अर्धशतकीय पारियां दर्ज हैं। ऐसे में रोहित के पास धवन को पीछे छोड़ने का शानदार मौका है जिसके लिए उन्हें सिर्फ 26 रन और बनाने होंगे।

# जुवेंटस ने इंटर मिलान को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की



**ट्यूरिन,17 फरवरी 2025।** जुवेंटस ने फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की बदौलत इंटर मिलान को 1-0 से हराकर सीरी ए तालिका में शीर्ष चार में वापसी की। जुवेंटस लगातार चौथी जीत के लिए प्रयासरत था, लेकिन इंटर मिलान ने उनकी गति को बाधित करने की ठानी। नेराजुरी ने शुरुआती दौर में दबदबा बनाया और 19वें मिनट में लगभग बढ़त हासिल कर ली, लेकिन मिशेल डि ग्रेगोरियो ने मेहदी तारेमी को शानदार तरीके से रोक दिया। तीन मिनट बाद, फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ ने यान सोमर से एक शानदार बचाव करवाया, जिसके बाद जुवेंटस ने जवाब दिया। हालांकि, इंटर ने शुरुआती हाफ में नियंत्रण बनाए रखा, जुवे को उनके ही क्षेत्र में पीछे धकेल दिया और उनके लिए गेंद पर कब्ज़ा बनाए रखना मुश्किल बना दिया। रैंडल कोलो मुआनी और फेडेरिको डिमार्को दोनों ही आधे घंटे के अंदर गोल करने के करीब पहुंच गए, जिससे मेहमान टीम पर दबाव बढ़ गया। ब्रेक से ठीक पहले, डेनजेल डमफ्रीज़ दुर्भाग्य से अपने प्रयास को पोस्ट से टकराते हुए देख पाए, और दोनों टीमें हाफ-टाइम में गोल रहित हो गईं। जुवेंटस ने दूसरे हाफ की शुरुआत पहले हाफ की तुलना में कहीं ज़्यादा इरादे के साथ की, इंटर पर दबाव बनाया और ज़्यादा प्रभावी ढंग से कब्ज़ा बनाए रखा। उस दृढ़ता को पुरस्कृत किया गया जब कोलो मुआनी ने कॉन्सेइकाओ के लिए एक शानदार सहायता प्रदान की, जिसने ओपनर को स्लॉट किया। तीन मिनट बाद, जुवेंटस अपनी बढ़त को दोगुना करने से कुछ इंच दूर था, लेकिन डमफ्रीज़ ने ट्यून कूपमेइनर्स को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण गोल-लाइन क्लीयरेंस बनाया। इंटर मिलान ने बराबरी करने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन जुवेंटस ने दृढ़ता से बचाव किया और आगे के मौके बनाने से नहीं डरे। मुआनी के पास अपनी बढ़त को बढ़ाने का एक और बढ़िया अवसर था, लेकिन वह इसे भुना नहीं पाए।




# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले कराची स्टेडियम में कोई भारतीय झंडा नहीं

**मुंबई,17 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी के आगामी संस्करण की मेजबानी के लिए पाकिस्तान तैयार है और आठ टीमों के इस आयोजन के लिए टीमें अपने देश पहुंच रही हैं, ऐसे में प्रशंसक बेसब्री से इसके शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, लेकिन कराची के नेशनल स्टेडियम में अन्य देशों के साथ भारत का झंडा नहीं फहराया जा सका। फिर भी, भारतीय प्रशंसकों का एक वर्ग इससे बेपरवाह है। 16 फरवरी, रविवार को सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो सामने आया। आठ टीमों में से भारत एकमात्र टीम है जो अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी क्योंकि बीसीसीआई ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है। इसलिए, नेटिज़ेंस का मानना है कि यही कारण है कि कराची के नेशनल स्टेडियम में अन्य झंडों के साथ तिरंगा नहीं फहराया गया।

# ऋतिक रोशन-अमीषा पटेल के पुनर्मिलन ने प्रशंसकों को कहो ना प्यार है 2 के लिए शुभकामनाएं दीं

अभिनेता ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल के हालिया पुनर्मिलन ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी इस जोड़ी ने प्रतिष्ठित ÷कहो ना प्यार है÷ में स्क्रीन स्पेस साझा किया है, जिससे प्रशंसकों को सीक्वल की बेसब्री से उम्मीद है। उनके पुनर्मिलन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद, अब कई लोग कहो ना प्यार है 2 की मांग कर रहे हैं। अमीषा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ऋतिक के साथ पोज देते हुए अपनी एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर भी शेयर की, जिसमें उन्होंने अपना लोकप्रिय गाना कहो ना प्यार है भी पोस्ट में जोड़ा। तस्वीर में, दोनों ने एक साथ पोज देते हुए चमकदार मुस्कान बिखेरी। कैप्शन के लिए, गदर अभिनेत्री ने लिखा, पिछली रात के बारे में...सोनिया के रोहित के साथ प्यारी शाम...मेरे लिए, आप हमेशा मेरे डुग्गू ब्रॉसनन पहले रहेंगे । उल्लेखनीय रूप से, प्रशंसकों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी, जिसमें कई लोगों ने कहो ना प्यार है 2 की मांग की। इसी तरह की भावनाओं को दोहराते हुए, एक प्रशंसक ने टिप्पणी की, वास्तव में उन्हें एक दूसरे के विपरीत मुख्य जोड़ी के रूप में एक साथ देखने के लिए उत्सुक हूँ! वास्तव में काश कोई निर्माता-निर्देशक इसे पढ़ रहा होता!! एक अन्य ने कहा, वोट करें - कहो ना प्यार है 2। एक तीसरे उपयोगकर्ता ने लिखा, मेरी पसंदीदा जोड़ी, प्लीस्स कहो ना प्यार है 2 प्लीस्स्स, हम इंतजार करते हैं। राकेश रोशन द्वारा निर्देशित और निर्मित कहो ना प्यार है ने ऋतिक और अमीषा दोनों की बॉलीवुड में शुरुआत की। 2000 की इस रोमांटिक थ्रिलर में अनुपम खेर, दलीप ताहिल, मोहनीश बहल, आशीष विद्यार्थी, सतीश शाह, फ़रीदा जलाल, आशा पटेल, राजेश टंडन और तनाज़ ईरानी भी थे। 14 जनवरी, 2000 को रिलीज़ होने के बाद, यह फ़िल्म तुरंत ब्लॉकबस्टर बन गई, जिसने दुनिया भर में ₹800 मिलियन से अधिक की कमाई की। यह दुनिया भर में 2000 की दूसरी सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फ़िल्म बन गई। नेटफ्लिक्स की द रोशन्स की स्टार-स्टडेड सक्सेस बैश में, ऋतिक ने अमीषा के साथ एक दिल को छू लेने वाला पल साझा किया। इस शानदार कार्यक्रम में रेखा, नीतू कपूर, अमीषा पटेल, अनु मलिक, सबा आजाद, शबाना आजमी, जावेद अख्तर, भूषण कुमार, सैम कौशल, मल्लिका शेरावत, पश्मीना रोशन, जीतेंद्र, अलका याग्निक, जैकी और टाइगर श्रॉफ, अनुपम खेर, वाणी कपूर, सिद्धार्थ आनंद, उदित नारायण और डेविड धवन सहित कई मशहूर हस्तियों ने भाग लिया।




# अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने दोस्ती से शादी तक के अपने सफर पर बात की

अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने अपनी प्रेम कहानी की शुरुआत की एक दिल को छू लेने वाली झलक साझा की है। 28 दिसंबर, 2024 को एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने वाले इस जोड़े ने बताया कि समय के साथ उनका रिश्ता कैसे स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ। उन्होंने आईएएनएस को बताया,हम 2017 में मिले और बातचीत शुरू की, और ईमानदारी से, हमने कभी नहीं सोचा था कि यह कुछ और बन जाएगा। लेकिन सब कुछ इतना स्वाभाविक रूप से हुआ, और इससे पहले कि हम कुछ समझ पाते, हम साथ में एक जिंदगी बना रहे थे।



अरमान और आशना ने कहा, पीछे मुड़कर देखें, तो यह देखना अविश्वसनीय है कि हम कितनी दूर आ गए हैं, वे याद करते हैं। यह सफ़र बहुत ख़ास रहा है, और अब, सात साल बाद, हम खुशी-खुशी शादीशुदा हैं और आने वाली हर चीज़ के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमारे साथ पहले के एक इंटरव्यू में मलिक ने आशना के साथ अपने पहला नशा पल के बारे में बात की थी। गायक ने साझा किया, मैं दिल से रोमांटिक हूं, इसलिए मेरे पास ऐसे कई पल हैं। लेकिन अगर मुझे एक चुनना हो, तो मैं कहूंगा कि मेरा पहला नशा पल मेरी पत्नी आशना के साथ था। 2017 में जब हम पहली बार डेट पर गए थे, तो मुझे निश्चित रूप से दिल को झकझोर देने वाला उत्साह महसूस हुआ था। किसी ऐसे व्यक्ति के साथ होने का एहसास जिसे आप वास्तव में प्यार करते हैं और जिसके बारे में अधिक जानना चाहते हैं...यह एक विशेष अनुभव है। अरमान मलिक और आशना श्रॉफ कथित तौर पर 2019 से रिलेशनशिप में थे, और पिछले कुछ सालों में उनका रिश्ता और मजबूत होता गया। कई सालों तक साथ रहने के बाद, जोड़े ने अपनी यात्रा में अगला कदम उठाने का फैसला किया। 28 दिसंबर को, उन्होंने करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली। बाद में उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ खुशी के मौके को साझा करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया, अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट कीं। दिल को छू लेने वाले कैप्शन में उन्होंने लिखा, तू ही मेरा घर। अरमान और आशना श्रॉफ ने अगस्त 2023 में सोशल मीडिया पर अपनी सगाई की घोषणा की, जिसमें उन्होंने रोमांटिक तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की। एक तस्वीर में अरमान एक घुटने पर बैठे हुए, एक अंगूठी पकड़े हुए दिखाई दे रहे थे, जबकि अन्य तस्वीरों में युगल एक साथ प्यार से पोज देते हुए दिखाई दे रहे थे। अपने कैप्शन में, गायक ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, और हमारा हमेशा का रिश्ता अभी शुरू ही हुआ है।

# सीएम साय ने किसानों को दी बड़ी सौगात

## सीएम साय ने ली बैठक,डेयरी विकास से किसानों की बढ़ेगी आय

**रायपुर,17 फरवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कहा कि छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति की तर्ज पर डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने और किसानों व पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय बनाने और प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।



मुख्यमंत्री साय ने मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिसंबर 2024 में राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच हुए समझौते के बाद छत्तीसगढ़ में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अधिकांश आबादी कृषि से जुड़ी है और अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन का कार्य भी करती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता में तैयार पायलट प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार लगभग 5 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 6 जिलों को शामिल किया गया है और सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ को डेयरी उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने डेयरी विकास, पशु उत्पादकता संवर्धन, पशु प्रजनन और पशु पोषण को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक योजना के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की।

### मुख्यमंत्री का आह्वानःपशुपालन से समृद्धि की ओर बढ़े छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़संकल्पित है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, पोषण अभियान को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डेयरी उद्योग के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही, प्रदेशवासियों के पोषण स्तर में भी सुधार होगा, जिससे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव आएगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ,प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में वृद्धि और सरप्लस दूध के उपयोग को लेकर ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दूध उत्पादन से जुड़े किसानों और पशुपालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय को बढ़ा सकें। बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन श्री मिनिष शाह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन 58 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन करने के बाद, दुग्ध उत्पादन और मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को आधुनिक तकनीक और मशीनों से दूध की गुणवत्ता जांच और तत्काल भुगतान की सुविधा प्रदान की जाएगी। बायोगैस और बायो-फर्टिलाइजर प्लांट की स्थापना से पशुपालकों की अतिरिक्त आय के स्रोत बढ़ेंगे, जिससे पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहेगा।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से होगा शुरू



**रायपुर,17 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगी। इस दौरान बजट सत्र में 17 बैठकें होगी। सत्र के दौरान सरकार वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। इसके लिए विधायकों ने सवाल लगाना शुरू कर दिया है। सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों ने 1 हजार 862 सवाल लगाए हैं। अधितम विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं।छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के लिए 943 तारांकित, 871 आतंकित सवाल लगाए गए हैं। विधानसभा का बजट सत्र हंगामों से भरा रहेगा सत्र के दौरान राज्यपाल रमेन डेका का अभिभाषण होगा।वहीं 21 मार्च को विधानसभा का बजट सत्र खत्म होगा।

## हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट मामले में पुलिस ने अब तक 17 दलाल किये गिरफ्तार

**रायपुर,17 फरवरी 2025 ।** राजधानी की पुलिस ने पिछले दिनों जिस सेक्स रैकेट का खुलासा किया था, उसके नेटवर्क को खंगालने का काम अब भी जारी है।



पुलिस ने इस मामले में कोलकाता के मास्टर माइंड की गिरफ़्तारी के बाद और भी दलालों की धार-पकड़ की है। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया है कि अब तक 17 दलाल गिरफ्तार हो चुके हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### एसएसपी ने सड़क में बर्थडे मना रहे युवा नेताओं को किया अरेस्ट



**रायपुर,17 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर की सड़कों पर जन्मदिन और अन्य मौके पर केक काटने का चलन सा हो गया है। अब तो इन मामले में नेताओं की संलिप्तता भी सामने आ रही है। ऐसे में मामले में यूथ कांग्रेस के रायपुर जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 8 अन्य लोग भी पुलिस की गिरफ्त में पहुंच गए। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग आधी रात में बीच सड़क पर जन्मदिन का केक काटकर आतिशबाजी कर रहे थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तस्दीक कर रही है।

### भाजपा नेत्री एवं नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू जैन का निधन

**बलौदाबाजार,17 फरवरी 2025(ए)।** नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेत्री अंजू जैन का रविवार देर रात रायपुर के एक निजी अस्पताल में



लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की धर्मपत्नी थीं। महज दो दिन पहले ही अशोक जैन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नगर में विजय जश्न मनाया गया था, जिसमें परिवार और समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। उनके निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई है।

### भीम आर्मी का हल्ला बोल



**रायपुर,17 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 20 फरवरी, गुरुवार को भीम आर्मी मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। इस घेराव में देशभर से भीम आर्मी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार, भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद भी इस घेराव में भाग लेंगे और जेल में बंद सतनामी समाज के लोगों की रिहाई की मांग करेंगे। सतनामी समाज के कई लोग बलौदाबाजार मामले में जेल में बंद हैं।

# पंचायत चुनाव के पहले चरण में 53 विकास खंडों में हुआ मतदान

**रायपुर,17 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आज पहले चरण के लिए मतदान हुआ। पंचायत चुनाव के पहले चरण में आज 53 ब्लॉकों में मतदान संपन्न हुआ। इसके लिए 9,873 मतदान केंद्र बनाए गए। नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



### शादी के बाद परिवार के साथ वोट देने पहुंचा दूल्हा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में भीखम देवांगन शादी के बाद पूरे परिवार के साथ भटगांव मतदान केंद्र 197 में अपने मतदान अधिकार का प्रयोग किया।



## पंचायत चुनाव में प्रत्याशी को साड़ी-गमछा बांटते हुए पकड़ा ग्रामीणों ने



### मतदान कर्मियों को शराब परोसने का लगा आरोप, जमकर मचा बवाल

नगरीय निकाय चुनाव की तरह पंचायत चुनाव में भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सामने आ रही हैं। धमतरी जिले के एक गांव में ग्रामीणों ने प्रत्याशी के समर्थको को साड़ी और गमछी बांटते हुए पकड़ लिया, वहीं एक अन्य गांव में ठहरे मतदान कर्मियों को शराब परोसे जाने की शिकायत भी सामने आयी है। इन मामलों में ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से प्रत्याशी कविता योगेश के समर्थकों द्वारा ग्रामीणों को साड़ी और गमछा बांटने की सूचना मिली। ग्रामीणों ने इस कृत्य का विरोध करते हुए सामान बांट रहे दो वाहनों को पकड़ लिया, लेकिन प्रत्याशी के समर्थक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।यह मामला भखारा थाना क्षेत्र के गुजरा गांव का है, जहां स्थानीय लोगों ने प्रत्याशी द्वारा चुनाव प्रभावित करने के इस प्रयास को नाकाम किया। ग्रामीणों ने चुनाव आयोग और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है, साथ ही प्रत्याशी का नामांकन रद्द करने की अपील की है।

## कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक ने 1 घंटे कतार में लगकर किया मतदान

हमें अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए - अक्षय कुमार

कोण्डागांव त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 17 फरवरी को जनपद पंचायत कोण्डागांव में मतदान प्रक्रिया जारी है। जिलेभर में सुबह से मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। इस चुनावी माहौल में पुलिस अधीक्षक येदुवेल्ली अक्षय कुमार ने भी अपनी सक्रियता दिखाई।



एसपी अक्षय कुमार ने ग्राम पंचायत चिखलपुटी के मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने आम नागरिक की तरह अपनी बारी का इंतजार किया और करीब 1 घंटे तक लाइन में लगने के बाद अपना वोट डाला। एसपी ने मतदान केंद्र पर मौजूद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि,मताधिकार हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। हमें अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।÷

## मतपत्र में गड़बड़ी से मचा हड़कंप




### 2 घंटे तक बाधित रही वोटिंग

कोरबा जिले में सरपंच प्रत्याशी का छाप बदल जाने के कारण विवाद का मामला सामने आया है। सरपंच प्रत्याशी तिलोत्तमा को ताला चाबी छापा मिला था। इसकी बजाय मत पत्र में कोई दूसरा निशान छाप दे दिया गया। इसके चलते मतदान केंद्र में विवाद हुआ, जिससे मतदान 2 घंटे तक बाधित रहा। पूरा मामला कोरबा जिले के करतला ब्लॉक के चीता पाली गांव का है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने मतदाताओं को मतदान के लिए पोलिंग बूथों में भेज रहे थे। तभी सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ रही तिलोत्तमा नगेसिया को पता चला कि मतपत्र में उन्हें आवंटित ताला चाबी की बजाय कोई दूसरा निशान छपा है। अपने साथ धोखा हुआ मानकर तिलोत्तमा, उनके पति और समर्थक सभी आक्रोशित हो गए। सभी ने जमकर विरोध किया। इसके चलते लगभग 2 घंटे तक मतदान कार्य प्रभावित रहा।

## निर्वाचन ड्यूटी में नशे की हालत में पहुंच कर उपद्रव करने वाले सहायक शिक्षक झसकेतन राठिया निलंबित

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की सख्त कार्रवाईरायगढ़, 17 फरवरी (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के दौरान नशे के हालत में निर्वाचन कार्य में उपस्थित होकर उपद्रव करने वाले सहायक शिक्षक झसकेतन राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# शादी की रस्मों से पहले मतदान करने पहुंचे दूल्हे

खैरागढ़। लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का जज़्बा जब हो, तो कोई भी बाधा मायने नहीं रखती। ऐसा ही अनूठा नज़ारा छुईखदान पंचायत चुनाव में देखने को मिला, जब दो दूल्हों ने बारात से पहले मतदान कर मिसाल पेश की।

ग्राम कृतबास निवासी राकेश कुमार यादव और ग्राम पंचायत उरतुली के पवन पटेल ने शादी की तैयारियों से समय निकालकर मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राकेश की बारात आज निकलनी थी, लेकिन उन्होंने पहले मतदान केंद्र क्रमांक 78 में जाकर वोट डाला। वहीं, पवन पटेल की शादी 18 फरवरी को है, लेकिन उन्होंने हल्दी-तेल की रस्मों के बीच भी पहले मतदान को प्राथमिकता दी और मतदान केंद्र क्रमांक 174 में वोट डालने पहुंचे।कृतबास निवासी राकेश कुमार यादव (पिता दशरु यादव) और ग्राम पंचायत उरतुली के पवन पटेल (पिता पीलूराम) ने शादी की तैयारियों से समय निकालकर मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राकेश की आज शादी है और बारात निकलने से पहले उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 78 में जाकर वोट डाला। वहीं, पवन पटेल की शादी 18 फरवरी को है, लेकिन उन्होंने हल्दी-तेल की रस्मों के बीच भी पहले मतदान को प्राथमिकता दी और मतदान केंद्र क्रमांक 174 में वोट डालने पहुंचे।



### शेरवानी में सजे दूल्हे ने निभाया लोकतांत्रिक कर्तव्य

इसी तरह का एक और रोचक दृश्य अभनपुर के टीला गांव में देखने को मिला, जहां दूल्हा तेजराम चक्रधारी शादी की पोशाक में सजे-धजे शेरवानी और फूलों की माला पहने मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने अपने सबसे अहम दिन को लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर बनाया और मतदान किया।

## कांग्रेस के 12 बागी नेता हुए निष्कासित

**जगदलपुर,17 फरवरी 2025(ए)।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले 12 बागी नेताओं को 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के प्रभारी महामंत्री शेख जाहिर हुसैन ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों, पार्टी की छवि धूमिल करने, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय रूप से चुनाव लड़कर पार्टी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में इन नेताओं के खिलाफ यह कार्यवाही की गई। निष्कासित किए गए नेताओं में मनीष गढ़पाले,गौरव तिवारी (राजा), सुखराम नाग, लक्ष्मी राव, ऋतिका डे,साइमा अशरफ, ज्ञानेश्वरी जाधव, गीता नाग, प्रदीप भारती, अनिमा अधिकारी, मनोज ठाकुर और कल्पना मेश्राम शामिल हैं।



## बस किराये में हेराफेरी का मामला



### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो हफ्ते में जवाब देने के दिए निर्देश

**बिलासपुर,17 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में बसों के किराया को पारदर्शी बनाने के मामले पर हाईकोर्ट ने आज सुनवाई की। महाअधिवक्ता ने कोर्ट में बताया कि किराये पर पुनर्विचार के लिए पत्र गलती से विधि विभाग को भेज दिया गया था। मामला मुख्यमंत्री के समक्ष लंबित है. कैबिनेट में इसका फैसला होना है. मामले में अगली सुनवाई 17 मार्च 2025 तय की गई है।

## पीसीसी चीफ के चयन पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बयान

**रायपुर,17 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को लेकर बढ़ती चर्चाओं और अटकलों के बीच, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान दिया है। प्रदेश में अध्यक्ष पद के लिए टीएस सिंहदेव का नाम चर्चा में है, इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि आलाकमान क्या निर्णय लेगा, इस पर मेरी टिप्पणी करना अनुचित होगा। इसके साथ ही बघेल ने निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार, धर्मांतरण के मुद्दे पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)